इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

# दावा

“ यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति ”।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 44 | अंक - 303 | राजनांदगांव, सोमवार 22 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए







# पीएम मोदी का राष्ट्र को संबोधन : स्वदेशी से आत्मनिर्भर भारत तक...; जीएसटी सुधार को लेकर बोले प्रधानमंत्री- आज से बचत उत्सव शुरु

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 22 सितंबर से लागू होने वाले जीएसटी सुधार आम परिवारों की बचत बढ़ाएंगे, रोजमर्रा की वस्तुएं सस्ती होंगी और युवाओं को लाभ मिलेगा। पीएम ने 'मेड इन इंडिया' सामान खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार (21 सितंबर) को राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा कि 22 सितंबर से देश में नए जीएसटी सुधार लागू होंगे। उन्होंने इसे 'देश का बचत उत्सव' बताया और कहा कि इन सुधारों से हर परिवार को राहत मिलेगी और भारत की विकास यात्रा और तेज होगी। आइए पीएम मोदी की स्पीच की 5 बड़ी बातों पर एक नजर डालते हैं।



### केवल दो टैक्स स्लैब -5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत

पीएम मोदी ने कहा कि अब त्स्ज्ञ व्यवस्था में केवल दो टैक्स स्लैब (5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत) होंगे। इससे रोजमर्रा की अधिकांश वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी।

### खाद्य पदार्थ, दवाइयां, साबुन, ब्रश, पेस्ट स्वास्थ्य व जीवन बीमा सेवाएं

इनमें या तो टैक्स नहीं लगेगा या सिर्फ 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि पहले 12 प्रतिशत टैक्स वाले 99 प्रतिशत सामान अब 5 प्रतिशत स्लैब में लाए गए हैं।

### मिडिल क्लास की बचत 2.5 लाख करोड़ तक

प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुधारों के साथ-साथ आयकर (आई-टी) छूट सीमा बढ़ाने के फैसले से देश की जनता को 2.5 लाख करोड़ की बचत होगी। उन्होंने कहा कि यह कदम मिडिल क्लास के लिए एक बड़ी राहत है और युवाओं को भी रोजगार व अवसर उपलब्ध कराएगा।

### 2017 से अब तक जीएसटी का सफर

मोदी ने बताया कि जब 2017 में जीएसटी लागू किया गया था, तब देश अनेक करों के जाल में फंसा हुआ था। ऑक्ट्रॉय, एंट्री टैक्स, सेल्स टैक्स, एक्साइज, वैट और सर्विस टैक्स जैसे दर्जनों कर लोगों और व्यापारियों के लिए परेशानी का कारण थे। अब यह जटिलता खत्म हो चुकी है और व्यापार करना आसान हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि इन सुधारों से युवाओं के लिए रोजगार और नए अवसर पैदा होंगे। जीएसटी के सरल ढांचे से व्यापार में तेजी आएगी, स्टार्टअप्स और छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा।

### 'मेड इन इंडिया' खरीदने की अपील

पीएम मोदी ने देशवासियों से 'मेड इन इंडिया' उत्पाद खरीदने की अपील की। उन्होंने कहा, आइए हम ऐसे सामान खरीदें जो भारत में बने हों, जिनमें हमारे युवाओं की मेहनत और पसीना शामिल हो। यही आत्मनिर्भर भारत की ओर एक सशक्त कदम है।

# 30 सितं. तक एसआईआर लागू करने के लिए तैयार रहें, चुनाव आयोग ने अधिकारियों को दिए निर्देश




नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के निर्वाचन अधिकारियों को 30 सितंबर तक विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ढ्क्र) के लिए तैयार रहने को कहा है। आयोग का यह निर्देश इस बात का संकेत है कि अक्टूबर-नवंबर की शुरुआत में मतदाता सूची को दुरुस्त करने का काम शुरू हो सकता है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच कर उन्हें बाहर निकालना है।

अधिकारियों के अनुसार, इस महीने की शुरुआत में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के एक सम्मेलन में आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने उन्हें अगले 10 से 15 दिनों में विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए तैयार रहने को कहा था। हालांकि अधिक स्पष्टता के लिए 30 सितंबर की समय सीमा तय की गई थी।

राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें। कई राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने अपनी पिछली एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूचियां पहले ही अपनी वेबसाइटों पर डाल दी हैं।

दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची उपलब्ध है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

राज्यों में अंतिम एसआईआर ही 'कट-ऑफ' तिथि होगी, ठीक उसी तरह जैसे बिहार की 2003 की मतदाता सूची का उपयोग आयोग गहन पुनरीक्षण के लिए कर रहा है। अधिकांश राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 से 2004 के बीच हुआ था और उन्होंने वर्तमान मतदाताओं का मिलान पिछले गहन पुनरीक्षण के अनुसार लगभग (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# प्रदेश में इंकमटैक्स देने वाले 62 हजार लोगों ने बनवाया बीपीएल राशन कार्ड, हर महीने ले रहे चावल, अब होगी कार्रवाई




रायपुर (दावा)। प्रदेश में 62 हजार 813 आयकर दाताओं ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर गरीबी रेखा राशनकार्ड बना कर तीन साल से हर माह चावल भी उठाया है। राजधानी में इनकी संख्या 10361 है। इसके अलावा जीएसटी भरने वाले 640 कारोबारी ने भी बीपीएल राशनकार्ड बनवाया है।

इतना ही नहीं प्रदेश में 29 लाख 83 हजार 738 ऐसे किसान हैं जिनके पास एक हेक्टेयर से ज्यादा जमीन के भू-स्वामी हैं। इन्होंने ने भी बीपीएल राशनकार्ड बना लिया है। अब सभी को खाद्य विभाग नोटिस जारी कर रहा है। इनसे रिकवरी भी हो सकती है। प्रदेश में राशन कार्ड सत्यापन की प्रक्रिया जारी हैं। वन नेशन वन कार्ड के तहत कराए गए ई-केवाईसी और आधार से लिंक बैंक खाते, पेन कार्ड के सत्यापन में पता चला है।

# साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी, तेल सस्ते होंगे, जीएसटी में इन चीजों के दाम घटेंगे

नई दिल्ली। रोजमर्रा की जरूरतों का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली प्रमुख कंपनियों ने जीएसटी कटौती का लाभ उपभोक्ताओं को देने के लिए अपने उत्पादों की कीमतों में कटौती की है। ऐसे में सोमवार से साबुन, पाउडर, कॉफी, डायपर, बिस्कुट, घी और तेल जैसी दैनिक जरूरत की वस्तुएं सस्ती हो जाएंगी। इस कदम से आगामी त्योहारी सत्र, जो नवरात्रि के साथ शुरू होता है, के दौरान खपत में वृद्धि और बिक्री में उछाल आने की उम्मीद है।



एफएमसीजी कंपनियों ने जीएसटी 2.0 के लाभों को बिना किसी देरी के उपभोक्ताओं तक पहुंचाया है। इन कंपनियों ने 22 सितंबर से साबुन, शैम्पू, बेबी डायपर, मंजन, रेजर और आफ्टर-शेव लोशन सहित अपने उत्पादों की अधिकतम खुदरा मूल्य की संशोधित सूची जारी की है। इसका उद्देश्य ग्राहकों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दर में कटौती का लाभ देना है। प्रॉक्टर एंड गैंबल, इमामी और एचयूएल जैसी कंपनियों ने नई मूल्य सूची जारी की हैं। इसके बारे में कंपनियों की वेबसाइट के माध्यम से उनके संबंधित वितरकों और उपभोक्ताओं को सूचित किया गया है। प्रॉक्टर एंड गैंबल ने अपने उत्पादों की एक संशोधित सूची जारी की है। इसमें उसने विक्स, हेड एंड शोल्डर्स, पैंटीन, पैम्पर्स (डायपर), जिलेट, ओल्ड स्पाइस और ओरल-बी आदि ब्रांड के उत्पादों की कीमतों में कमी की है।

पीएंडजी इंडिया ने बच्चों के देखभाल से जुड़े उत्पादों के दाम भी कम किए हैं। इन उत्पादों में डायपर पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत और बेबी वाइप्स पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत हो जाएगा। नई दरें 22 सितंबर, 2025 से प्रभावी होंगी। कंपनी जिलेट और ओल्ड स्पाइस की कीमतों में भी कमी करने जा रही है। इमामी बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल और झंडू बाम आदि की कीमतें भी कम हो रही हैं। एचयूएल ने भी जीएसटी सुधारों के बाद 22 सितंबर से डव शैम्पू, हॉर्लिक्स, किसान जैम, ब्रू कॉफी, लक्स और लाइफबॉय साबुन सहित अपने उपभोक्ता उत्पाद रेंज की कीमतों में कमी करने की घोषणा की है। जीएसटी परिषद ने इस महीने की शुरुआत में माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया है। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी।


# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण व्यवहार, नन्ही बच्ची भूमिका बघेल को दुलारते हुए खिलाया महुआ लड्डू



रायपुर (दावा)। धुरवा समाज के नुआखाई मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण रूप सभी ने देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने धुरवा समाज की नन्हीं बच्ची भूमिका बघेल को स्नेहपूर्वक अपने गोद में बिठाकर दुलार किया और उसे महुआ लड्डू खिलाया।

जगदलपुर विकासखंड के उलनार निवासी भूमिका बघेल अपने दादा सोनसारी बघेल के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। पारंपरिक पोशाक में सजी-धजी भूमिका ने सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री श्री साय ने स्नेहपूर्वक उसका नाम पूछते हुए कहा– बिटिया, किस कक्षा में पढ़ाई कर रही हो? मासूम मुस्कान के साथ भूमिका ने उत्तर दिया– मैं दीप्ति कान्वेंट स्कूल में एलकेजी में पढ़ती हूँ। यह स्नेहिल दृश्य समारोह में उपस्थित सभी लोगों के मन को गहराई तक छू गया।

(शेष पृष्ठ 7 पर...)



# '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली', बचत उत्सव नहीं, जनता.., जीएसटी सुधार पर कांग्रेस ने पीएम मोदी को घेरा



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्र के नाम संबोधन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार से लागू होने वाले वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सुधारों को लेकर कई सारी बातें कही। अब ऐसे में कांग्रेस ने पीएम मोदी पर जीएसटी सुधारों का पूरा श्रेय खुद लेने का आरोप लगाया। कांग्रेस ने कहा कि ये सुधार अधूरे और नाकाफी हैं। पार्टी ने सरकार से जरूरी वस्तुओं पर लगे जीएसटी के लिए माफी मांगने की भी मांग की।

कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी के संबोधन पर तंज कसते हुए कहा कि '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 'सरल जीएसटी' की जगह मोदी सरकार ने नौ स्लैब वाला 'गब्बर सिंह टैक्स' लागू किया और पिछले आठ साल में 55 लाख करोड़ वसूले।

मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा कि पीएम मोदी जीएसटी को लेकर अब 2.5 लाख करोड़ के 'बचत उत्सव' की बात कर रहे हैं, जो गहरे घाव पर बैंड-एड लगाने जैसा है। खरगे ने आरोप लगाया कि सरकार ने दाल, चावल, किताबें, दवाइयां, पेंसिल, ट्रैक्टर जैसे आवश्यक चीजों पर भी टैक्स लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता से माफी मांगनी चाहिए।

### जयराम रमेश ने भी पीएम मोदी पर साधा निशाना

इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भी पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने राष्ट्र को संबोधित कर जीएसटी काउंसिल द्वारा किए गए संशोधनों का श्रेय खुद ले लिया, जबकि यह एक संवैधानिक संस्था का निर्णय था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2017 से ही जीएसटी 2.0 की मांग कर रही है और इसे 2024 के चुनावी वादे (शेष पृष्ठ 7 पर...)

# भारत के राज्यों पर कर्ज का बम... वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान पर कुल खर्च 10 साल में 2.5 गुना बढ़ा




नई दिल्ली। कैग की एक रिपोर्ट के मुताबिक वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान पर राज्यों का खर्च पिछले 10 सालों के दौरान 2.5 गुना बढ़ा है। कैग ने कहा कि 2013-14 में यह 6,26,849 करोड़ रुपये था जो 2022-23 में बढ़कर 2.49 गुना बढ़कर 15,63,649 करोड़ रुपये हो गया। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्व व्यय का एक बड़ा हिस्सा या तो प्रतिबद्ध है या बंधा हुआ है। वेतन, पेंशन और सार्वजनिक ऋष्ठा और देनदारियों पर ब्याज भुगतान को 'प्रतिबद्ध व्यय' माना जाता है।

2013-14 से 2022-23 तक की 10 साल की अवधि के दौरान राज्यों द्वारा राजस्व व्यय कुल व्यय का 80-87 प्रतिशति था और संयुक्त जीएसडीपी के प्रतिशत के तौर पर यह लगभग 13-15 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2022-23 में, राजस्व व्यय कुल व्यय का 84.73 प्रतिशत और संयुक्त जीएसडीपी का 13.85 प्रतिशत था।

राज्यों के वित्तीय खर्च से जुड़ी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में 35,95,736 करोड़ रुपये के कुल राजस्व व्यय में से प्रतिबद्ध व्यय 15,63,649 करोड़ रुपये था। सब्सिडी पर खर्च 3,09,625 करोड़ रुपये और अनुदान सहायता पर 11,26,486 करोड़ रुपये खर्च किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, कुल 29,99,760 करोड़ रुपये के ये तीन घटक कुल राजस्व व्यय का 83 प्रतिशत से अधिक थे।

### प्रतिबद्ध व्यय में वेतन सबसे बड़ा घटक

रिपोर्ट के अनुसार, सभी (शेष पृष्ठ 7 पर...)






प्रथम : मां शैलपुत्री



आज महाराजा अग्रसेन जयंती












# संस्कारधानी को अपराधधानी नहीं बनने देंगे, भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन



राजनांदगांव(दावा)। युवा कांग्रेस ने शहर में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ा प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन के नाम चूड़ी भेंट की गई और गृहमंत्री का पुतला जलाया गया। प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी के मार्गदर्शन में युवाओं ने अपनी आवाज बुलंद की।

अपराध के मुद्दे पर विरोधः युवा कांग्रेस ने पुलिस भर्ती में हुई घटना, अपराध, नशीले पदार्थों के कारोबार, अवैध शराब बॉटलिंग और रेत खनन गोलीकांड, हत्याकांड, चाकूबाजी, अब तो शहर के हृदयस्थल महाकाल चौक में भी चोरों के हौसले बुलंद हो गए है। खिलाफ में आवाज उठाने पर और विरोध जताने पर नजरबंद कर दिया जाता है, इन सबका प्रशासन जिम्मेदारी कब तय करेगा हमने प्रदर्शन से भाजपा सरकार पुलिस कप्तान को आइना दिखाया है।

### गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग

जिम्मेदार अपराध नहीं रोक पा रहे जनता की सुरक्षा की जो जिम्मेदारी नहीं उठा पा रहा ऐसे अधिकारी के ट्रांसफर और गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग की गई है पूछा कि गोली कांड के आरोपी को क्या रमन सिंह का संरक्षण है सारे मामले में एसपी के खिलाफ डीजीपी, आईजी और एडीजी को शिकायत पत्र सौंपा जाएगा।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग जारी रखने का संकल्प

भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ चुका है आवाज उठाने पर एफआईआर कर दी जा रही है युवा कांग्रेस ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। युवा कांग्रेस ने अपने प्रदर्शन के माध्यम से यह संदेश दिया कि वे शहर के मुद्दों पर चुप नहीं बैठेंगे और संघर्ष जारी रखेंगे इस कार्यकम में मुख्य रूप से विप्लव शर्मा,सौरभ तिवारी, हर्ष खोबरागड़े, विशु अजमानी, ऋषि शास्त्री, गुरभेज माखीजा, गरुण विक्रम सिंह, संदीप सोनी, चंद्रशेखर मालेकर, ठाकुर राम, परमानंद वर्मा, लक्की राजपूत, जितेंद्र, राजा यादव, अमर झा, तौसीफ रजा, अंशल श्रीवास्तव,साहिल सागर, आदित्य वेष्णव, हर्ष साहू, दीपक सोनकर, युगल साहू, गौरव घरड़े, आशीष सागर, हर्षवर्धन ठाकुर, होलेन्द्र राजपूत, जफर ख़ान, मोक्ष साहू, विकास सिंह, गिरजा शंकर भोई सैकड़ों संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के पदाधिकारी मौजूद थे।

# आज श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव में वैवाहिक स्वर्ण जयंती सम्मान



**वरिष्ठ सदस्य सम्मान, मेधावी विद्यार्थी सम्मान तथा शोभायात्रा**

राजनांदगांव (दावा)। अग्रकुल संस्थापक भगवान श्री अग्रसेन जी की 5149वीं जयंती, अश्विन शुक्ल एकम, 22 सितम्बर सोमवार को परंपरागत श्रद्धा भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी। मुख्य समारोह स्थानीय अग्रसेन भवन में होगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश रामरतन भारूका, समाजसेवी, कामठी महाराष्ट्र होंगे। समारोह की अध्यक्षता श्रीमती उर्मिला गौरीशंकर अग्रवाल समाजसेविका नागपुर महाराष्ट्र करेंगी। जयंती समारोह में समाज के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, विवाह की स्वर्ण जयंती मनाने वाली दंपत्तियों का सम्मान तथा मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया जायेगा। भगवान अग्रसेन जी की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि जयंती महोत्सव का शुभारंभ विगत 15 सितम्बर, सोमवार को हुआ था। यह पावन पर्व अग्रवाल समाज का सबसे बड़ा सामाजिक त्यौहार है। इसका उद्देश्य भगवान श्री अग्रसेन जी के सिद्धांतों और आदर्शों के अनुरूप समाज को एकजुट करते हुए परस्पर सहयोग और सेवाभाव विकसित करना है। महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया ने बताया कि जयंती महोत्सव के अंतर्गत पूरे सप्ताह भर समाज की महिलाओं, युवक-युवतियों तथा बच्चों के लिए विविध मनोरंजक, ज्ञानवर्धक सजावट, कुकिंग तथा खेलकूद की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अग्रवाल सभा के सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुताबिक इस बार शोभायात्रा के लिए विशेष तैयारी की गई है। आकर्षक साज सज्जा और लाईटिंग के साथ रथ तैयार किया गया है। भजन मंडली, नृत्य मंडली तथा आतिशबाजी के साथ शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर वापस अग्रसेन भवन पहुंचेगी। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया जायेगा। उन्होंने सभी अग्र परिवारों से जयंती समारोह में उपस्थिति की अपील की है। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने दी।

### व्यापारी का मोबाइल हैककर ठग ने की शॉपिंग

रायपुर। रायपुर में व्यापारी का मोबाइल फोन हैक कर ठग ने शॉपिंग की है। ठग ने व्यापारी को व्हाट्सएप ग्रुप पर आरटीओ चालान के बहाने एपीके फाइल भेजा था। जिसे व्यापारी ने डाउनलोड कर लिया। इससे उसका मोबाइल हैक हो गया। ठग ने इसका फायदा उठाकर व्यापारी के बैंक अकाउंट से जमकर शॉपिंग कर ली। जब पैसे कटने का मैसेज व्यापारी के पास आया तब उसने पुलिस को सूचना दी। यह पूरा मामला मोवा पंडरी थाना क्षेत्र का है।

# बिजली बिलों की मार से जनता बेहाल, आफताब अहमद ने सरकार को घेरा, कहा- वादा सस्ता बिजली का था, मिला तिगुना झटका



राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में बढ़ते बिजली बिल और लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर यूथ कांग्रेस के महासचिव आफताब अहमद ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव के समय जनता को 'मोदी की गारंटी' के नाम पर 24×7 बिजली और सस्ते बिल का वादा किया था, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल उलट है।

उन्होंने भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र का हवाला देते हुए कहा कि भाजपा ने 400 यूनिट तक हाफ बिजली बिल की कांग्रेस सरकार की योजना को खत्म कर दिया है। इससे प्रदेश के करीब 60 लाख उपभोक्ताओं पर दो से तीन गुना बिल का बोझ आ गया है।

आफताब अहमद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जनता पहले ही महंगाई से त्रस्त है, ऊपर से बढ़े हुए बिजली बिल और कटौती ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। छत्तीसगढ़ एक बिजली सरप्लस राज्य होने के बावजूद, यहां की जनता को महंगी बिजली दी जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब हमारे पास जंगल, कोयला, और पानी जैसी प्राकृतिक संपदा है तो बिजली महंगी क्यों?

यूथ कांग्रेस महासचिव ने कहा कि भाजपा ने बिजली बिल हाफ करने का वादा किया था, लेकिन अब तो बिजली की आपूर्ति ही आधी कर दी गई है। गांवों में रोजाना 6-7 घंटे बिजली गुल रहना सामान्य बात हो गई है। कई क्षेत्रों में तो लगातार दो-दो दिन तक बिजली नहीं आती। किसान खेती के सीजन में सबसे ज्यादा परेशान हैं और कई इलाकों में विरोध प्रदर्शन और चक्काजाम हो रहे हैं, लेकिन सरकार मौन है।'सूर्य घर योजना' को लेकर उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले साल 60 हजार और दूसरे साल 70 हजार परिवारों को सब्सिडी देने की बात कही थी, लेकिन जमीन पर इसका कोई असर नहीं दिख रहा। सरकार महंगी बिजली से ध्यान हटाने के लिए सोलर योजना का नाम लेकर जनता को गुमराह कर रही है। आफताब अहमद ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो वो दिन दूर नहीं जब छत्तीसगढ़ की जनता को लालटेन और चिमनी के सहारे गुजारा करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के साथ है और अगर जल्द ही समाधान नहीं निकला तो यूथ कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी।

## पहला कॉलम...

# लापरवाह निगम प्रशासन! तीन दिन से मृत पड़ी गाय कुत्ते नोचते रहे मांस

**आप प्रभारी राजेंद्र सोनी ने उठाया मुद्दा मेडिकल कॉलेज जाते समय दिखा दर्दनाक मंजर**



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही का एक बड़ा उदाहरण रविवार को सामने आया। आम आदमी पार्टी के राजनांदगांव विधानसभा प्रभारी राजेंद्र सोनी (भाई राजा) जब किसी मरीज को देखने मेडिकल कॉलेज जा रहे थे तभी रास्ते में बर्फानी धाम मंदिर से कुछ दूरी पर एक मृत गाय सड़क किनारे पड़ी हुई मिली।

श्री सोनी ने बताया कि यह गाय पिछले तीन दिन से मृत अवस्था में वहीं पड़ी है और प्रशासन इसकी सुध लेने तक नहीं पहुंचा। इतना ही नहीं मृत गाय का शव वहां पड़े रहने से कुत्ते उसे नोच-नोचकर खा रहे हैं जिससे आसपास के लोगों में भी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शहर की सफाई और मृत जानवरों को हटाने का काम निगम की जिम्मेदारी है लेकिन निगम प्रशासन की लापरवाही के कारण शहर की छवि और लोगों के स्वास्थ्य पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार निगम कर्मचारियों को सूचित करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी मांग की है कि निगम तत्काल कार्रवाई करे और मृत पशुओं को समय पर हटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे।

### नामदेव नागदेवे का निधन



राजनांदगांव (दावा)। पूनम कॉलोनी निवासी नामदेव नागदेवे का आज सुबह 11 बजे निधन हो गया। 70 वर्षीय श्री नागदेवे कुछ समय से अस्वस्थ थे। श्री नागदेवे आबकारी विभाग से सेवानिवृत्त हुए थे। उनका आज अपरान्ह मोतीपुर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती अरूणा नागदेवे, दो पुत्रों समीर, शैंकी नागदेवे तथा एक पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गये। उनकी शव यात्रा में परिजनों के अलावा सामाजिक बंधु व कार्यालयीन कर्मचारी भी उपस्थित हुए।

### रायपुर-बिलासपुर में शराब और कोयला कारोबारियों के 10 ठिकानों पर छापा

रायपुर। 3,200 करोड़ रुपये के शराब घोटाला मामले में राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की टीम ने रविवार को तड़के रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में शराब कारोबारियों के 10 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की है। शराब घोटाला मामले में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के साथ होटल व हवाला कारोबारी पिता-पुत्र नितेश व यश पुरोहित की गिरफ्तारी और पुलिस रिमांड पर लेने के बाद आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो सक्रिय हो गई है।

# झमाझम बारिश से, कई क्षेत्रों में भरा पानी



- पिछले दो दिनों से शाम के समय हो रही अच्छी बारिश
- नवरात्रि में बारिश होने के बने आसार, उमस से नहीं मिल पा रही राहत

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित जिले भर में पिछले दो दिनों से शाम के समय गरज-चमक के साथ अच्छी बारिश हो रही है। रविवार की शाम ठीक 5 बजते ही मोटी- मोटी बूंदों के साथ लगभग एक घंटे तक बारिश हुई। इससे हालांकि चिपचिपी गर्मी व उमस से जूझ रहे लोगों को थोड़ी राहत मिली लेकिन पूरी तरह निजात नहीं मिल पाई है। इधर अच्छी बारिश होने से शहर निचले हिस्से में पानी भर गया। मोटी-मोटी बूंदों वाली भारी बारिश से नाले-नालियां भरकर सड़क तक आ गई और सड़कों में बहने लगी, वहीं शहर की सड़कों में उभर आए गड्ढों में जल जमाव हो गया।

शनिवार की तरह रविवार को भी लगभग एक घंटे तक जमकर हुई बारिश से बाहर निकले लोग अपने आप को भीगने से नहीं बचा पाए। बाजार में लोग पानी शुरू होते ही दौड़ भाग कर किसी दुकान या घर के प्लेट फार्म ओसारे तलाशते देखें गए। शहर में निचली जगहों पर स्थित तहसील कार्यालय,जिला चिकित्सालय,बस स्टैंड आदि जगहों से लेकर कुछ चौक चौराहों में पानी भर गया। जिससे आवागमन प्रभावित होते देखा गया। हालांकि जिला चिकित्सालय भवन के भूतल की उंचाई बढ़ने के कारण अंदर पानी नहीं घुस पाया लेकिन सामने का बड़ा नाला कचरा गंदगी से भरे रहने और आगे जाकर नाले में अतिक्रमण के चलते संकरा होने से पानी की निकासी नहीं हो पाई जिसके कारण लोग परेशान होते रहे।

### सभी बिजली स्टेशनो में ब्रेक डाउन की स्थिति

बताते चलें कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी की वजह से चक्रवात दोनों मध्य - पूर्व बंगाल की खाड़ी में सक्रिय है। इसके प्रभाव से इन दिनों प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में भारी से लेकर मध्यम बारिश हो रही है। बारिश के पूर्व तेज गर्जना व बिजली चमकते ही लाइट गुल की स्थिति बन आई रही है। रविवार को जैसे ही देश के प्रधानमंत्री मोदी जी देशवासियों को संदेश देने टीवी के परदे पर नमुदार हुए वैसे ही लाइट गुल हो गई। मोदी जी का भाषण सुनने से वंचित हुए लोग बिजली विभाग को कोसने लगे। वैसे खुला मौसम में भी दिन में दसियों बार कुछ देर के लिए लाइट बंद होना नियति हो गई है। जरा सी भी पानी - बारिश के आसार बने,, गरजना- चमकना हुआ तो शहर के सभी सब स्टेशनों में ब्रेक डाउन की स्थिति बन आती है। शनिवार रविवार दोनों दिन गरज-चमक के साथ बारिश? शुरू होते ही पूरे शहर सहित आसपास के एरिए में ब्लैक डाउन की स्थिति बन आई। इसके अलावा 11 के वी विद्युत लाइन में भी खराबी आई जिसके चलते शहर के कुछ हिस्सों में लंबे समय तक बिजली बाधित रही। गांव - देहातों में भी देर रात तक बिजली बंद रही जिससे लोगों को बिजली गुल की समस्या से परेशान होना पड़ा। बारिश थमने के बाद मेंटनेंस का कार्य शुरू हुआ।

### नवरात्रि में बारिश के बने आसार

मौसम विज्ञानी श्री चन्द्रा ने बताया कि इस बार नवरात्रि में बारिश के आसार बने हुए हैं। म्यांमार में बना सिस्टम व बंगाल की खाड़ी में निम्न दाब की स्थिति पैदा होने से अभी सप्ताह भर तक कही भारी तो कहीं मध्यम दर्जे की बारिश गरज- चमक के साथ होगी।

बता दें कि नवरात्र में शक्ति आराधना की धूम रहती है। हजारों लाखों खर्च कर दुर्गोत्सव पंडाल सजाए जाते हैं। मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की जाती है। एक से बढ़कर एक कार्यक्रम कराए जाते हैं। नवरात्रि में गरबा उत्सव की धूम बनी रहती है लेकिन मौसम के अचानक पलटा खाने व बारिश पानी के आसार बनने से इन कार्यक्रमों में पानी फिरता नजर आ रहा है। वैसे देखा जाए तो पिछले दो-तीन दिनों से मौसम में अचानक परिवर्तन आया है। शाम होते ही घना अंधेरा छाने व गर्जन-तर्जन होते हैं मोटी-मोटी बुंदों में बारिश होना शुरू हो जा रही है। शहर इससे पानी-पानी हो जा रहा है। इसके बावजूद चिपचिपी गर्मी व उमस से राहत नहीं मिल पा रही जो आने वाले दिनों में और भी बारिश होने का संकेत दे रहा है।

# मंडी में केदारनाथ धाम का भव्य पंडाल 55 फीट ऊंचा, मंदिर 7 हजार बांस से तैयार, कोलकाता के कारीगरों ने बनाया





राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर स्थित कृषि उपज मंडी में दुर्गा उत्सव की तैयारियां पूरी हो गई हैं। मंडी परिसर में मां दुर्गा के पंडाल के साथ बाबा केदारनाथ का पंडाल भी बनाया गया है। पंडाल में पहाड़ों के बीच मां मनसा के चित्र लगाए गए हैं। श्रद्धालु इन चित्रों के दर्शन करते हुए विशाल पंडाल में विराजित बाबा केदारनाथ तक पहुंचेंगे। वातावरण को और भी प्राकृतिक बनाने के लिए धुंध का भी इंतजाम किया गया है।

समिति के विकास अग्रवाल ने बताया कि पंडाल का निर्माण दो महीने से चल रहा था। इसके लिए कोलकाता से विशेष कारीगरों को बुलाया गया। पंडाल में 25-25 फीट लंबे करीब 7 हजार बांस लगाए गए हैं। ये बांस कोरमा से मंगवाए गए। मंदिर को ईंट जैसा स्वरूप देने के लिए 15 थान कपड़े का इस्तेमाल किया गया है। पंडाल की कुल ऊंचाई 55 फीट है, जिसमें मंदिर का आर्च ऊंचाई 55 फीट है, जिसमें मंदिर का आर्च 40 फीट का है।

### अलग-अलग रूपों में किया जाएगा श्रृंगार

मां दुर्गा का पंडाल बाबा केदारनाथ के पंडाल से जुड़ा हुआ है। इसमें मां की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। नौ दिनों तक मां के अलग-अलग रूपों का श्रृंगार किया जाएगा। शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में प्रतिदिन अलग श्रृंगार होगा। नौ दिनों तक माता का भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।

# पितृ अमावस्या पर गौमाता सेवा आर्मी की पहलः गौमाता को खिलाई खिचड़ी और चारा, युवाओं ने किया पितृ तर्पण



राजनांदगांव (दावा)। गौमाता सेवा आर्मी संस्थान ने पितृ अमावस्या का पर्व विशेष रूप से मनाया। सिटी बस सेंटर रेवाडीह कांजी हाउस में संस्था के सदस्यों ने गौमाताा को खिचड़ी और सूखा चारा खिलाकर पितृ तर्पण किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष खोब्रागड़े ने हरे चारे की व्यवस्था की। कार्यक्रम में कुदन सोनी, शिवम चौधरी, इंजीकान्त चितवरकर, प्रेम कापसे, अशोक सारथी, राजू भोईर समेत कई सदस्यों ने भाग लिया। रेवाडीह के निवासियों ने इस पहल की सराहना की।

संस्था के सदस्य गौवंश के सरंक्षण और सड़क सुरक्षा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। युवाओं की टीम गांव-गांव जाकर घायल गौमाता की सेवा करती है। वे घायल गौमाता को डॉक्टरी सुविधा उपलब्ध कराने के साथ दवाईयों की जिम्मेदारी भी उठाते हैं।

मनोहर यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में लोगों को गौवंश संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संस्था के सदस्य सड़कों पर गौमाता की सुरक्षा के लिए भी लगातात प्रयासरत रहते हैं।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
20th Sep To 25th Sep 2025



Jolly LLB3 - 12:00pm, 03;30pm 06:00pm, 09:15pm & 09:30pm
Demon Slayer Kimetsu No Yaiba Infinity Castle (Hindi) - 12:30 pm
Mirai - 03:00pm & 09:00pm
Nishaanchi - 12:15 and 06:15 pm
Baaghi 4 - 03:15 & 06:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G)
Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल




बलिदानी राजा गुरु बालकदास
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# हिन्दू युवा मंच के जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार शहर और अध्यक्ष राजा ताम्रकार चुने गए

राजनांदगांव (दावा)। हिन्दू युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रदेश आलाकमान के द्वारा जिले में संगठन के व्यापक विस्तार और संगठन शक्ति बढ़ाने के महत्वकांक्षी उद्देश्य को लेकर प्रदेश अध्यक्ष कुमार नायर, प्रदेश संयोजक गोविंद राज नायडू, संगठन महामंत्री श्री राजेश शर्मा और जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी के अनुमोदन और अनुशंसा से सर्वसम्मति से हिन्दू युवा मँच जिला इकाई की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें संगठन के पुराने निष्ठावान कर्मठ और जुझारू सदस्यों को योग्यतानुसार नवीन दायित्व सौंपे ही गए, नए ऊर्जावान युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित कर उनकी नेतृत्व क्षमता को पहचान कर उन्हें भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं और दायित्व सौंपकर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान जिला प्रभारी किशोर माहेश्वरी की अनुशंसा से कार्यकारिणी में इस वर्ष जिला अध्यक्ष सुरेश लोहमार को और शहर अध्यक्ष राजा ताम्रकार को चुना गया वहीं जिला संयोजक के रूप में दीपक भारती और शहर संयोजक के रूप में आदर्श गुप्ता को चुना गया। जिला महामंत्री हरीश सोरी और अभिषेक शर्मा चुने गए वहीं शहर महामंत्री अंकित मानिकपुरी और अनिकेत राणे चुने गए। जिला उपाध्यक्ष - कमलेश राजू यदु, संतोष विश्वकर्मा, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख प्रसन्नजीत दास, जिला मीडिया प्रभारी - मिथलेश लक्की मेश्राम को चुना गया। शहर उपाध्यक्ष निखिल राज और शैलेन्द्र अंशु यदु, शहर प्रचार प्रसार प्रमुख मिहिर श्रीवास और शहर मंत्री डोमन धनकर बनाए गए। विशेष कार्यकारिणी अर्पण खंडेलवाल, शशि धीवर, विशाल यादव, अश्वनी यादव, संजय धीवर, मोहित निर्मलकर (लल्ला), राम भंडारी, शैलेष साहू, निर्मल झा, टाकेश्वर शिवांश साहू, पीयूष गुप्ता, हिमांशु गुप्ता, आनंद सोनकर, आर्यन सोनवानी, ढ़ालेश वैष्णव, राकेश धीवर, दीपक सोनकर, तुषार मंडावी, जयंत मंडावी, आकाश निक्की मेश्राम के रूप में नियुक्ति की गई। जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी और पूर्व जिला संयोजक अरविंद तिवारी ने सभी पदाधिकारियों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए आगे कहा कि, भावि भविष्य में संगठन का विस्तार समूचे जिले में किया जायेगा, जिसके लिए कार्यकारिणी का विस्तार कर सक्रिय सदस्यों को जिम्मेदारी देने के साथ उनकी भूमिका भी तय की जाएगी। साथ ही छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए हिन्दू युवा छात्र मँच, महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए आदिशक्ति, मजदूरों के हित की रक्षा के लिए श्रम शक्ति, किसानों के हित की रक्षा के लिए कृषक शक्ति विंग का भी गठन किया जायेगा।

**किराये से देना है**
1 BHK, 1 BHK
1st फ्लोर रूम रेंट पर देना है ।
Near the D mart
महाकाल मंदिर के पास।
-: संपर्क :-
मो.- 7000180368

**भूखंड बेचना है**
खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।
अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।
नोट : - अलग-अलग साईज में भी भूखंड दीये जा सकते है।

**आवश्यकता है**
दैनिक दावा अखबार में विज्ञापन/मार्केटिंग कार्य हेतु कुशल एवं अनुभवी लड़के की आवश्यकता हैं। वेतन आकर्षक! संपर्क समय :- दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक।



संपर्क करें - दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव, मो.- 93004-14726

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति " ।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

राजनांदगांव, सोमवार 22 सितम्बर 2025

## दिव्यांश त्रिपाठी का केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय में हुआ चयन : हर्ष




राजनांदगांव(दावा)। संस्कारधानी के पुराना बस स्टैंड रोड स्थित तिवारी भोजनालय के संचालक पंडित दयाकांत त्रिपाठी एवं माता श्रीमति नीलम त्रिपाठी निवासी कैलाश नगर के सुपुत्र चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट दिव्यांश त्रिपाठी का चयन भारत शासन के अधीन ऊर्जा मंत्रालय में हुआ है। उनकी सफलता पर समस्त त्रिपाठी परिवार में हर्ष की लहर है। साथ ही अपनी कड़ी मेहनत और लगन से नगर को गौरवान्वित किया है।

















## अनमोल दावा

"जो कठिनाईयों से भागता है, सफलता हमेशा उससे दूर रहती है।"

## लोकतंत्र के खतरे में होने का हौवा, चुनाव आयोग को बदनाम करने की साजिश

राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप को धार देने के लिए कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे जाने का जो मामला सामने रखा उससे यह प्रतीति हुई कि 6018 वोटरों के नाम सचमुच हटा दिए गए लेकिन कुल 24 वोट काटे गए और वे भी उनके जिनके कटने चाहिए थे। अन्य वोट काटने की नाकाम कोशिश हुई थी।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर वोट चोरी का मामला उठाकर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। इस बार उन्होंने कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेस के 6,018 वोट काटे जाने का आरोप लगाया और एक प्रेस कांफ्रेंस में प्रजेंटेशन देकर यह समझाया कि किस तरह मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे गए।

पिछली बार भी उन्होंने इसी तरह वोट चोरी के एक मामले को सामने रखा था और उसे एटम बम की संज्ञा दी थी। वे वोट चोरी के एक और मामले को सामने लाएंगे और उसे हाइड्रोजन बम बताएंगे। राहुल का चुनाव आयोग पर निशाना नया नहीं है। वे एक अर्से से यही कर रहे हैं। वे महाराष्ट्र में कथित वोट चोरी का मामला उछाल चुके हैं और बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन को भी वोटों की चोरी बता चुके हैं। पहले वे चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए ईवीएम में छेड़छाड़ का मुद्दा उठाते थे। जब सुप्रीम कोर्ट में इस मुद्दे की हवा निकल गई तो वोट चोरी के अपने आरोपों को एक अभियान बनाने में जुट गए। वे सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर हमला बोल रहे हैं। उनकी मानें तो मुख्य चुनाव आयुक्त भाजपा को जिताने के लिए कांग्रेस के वोट काटने का काम कर रहे हैं।

राहुल गांधी ने वोट चोरी के अपने आरोप को धार देने के लिए कर्नाटक की अलंद विधानसभा सीट से कांग्रेसी वोटरों के वोट काटे जाने का जो मामला सामने रखा, उससे यह प्रतीति हुई कि 6,018 वोटरों के नाम सचमुच हटा दिए गए, लेकिन कुल 24 वोट काटे गए और वे भी उनके, जिनके कटने चाहिए थे। अन्य वोट काटने की नाकाम कोशिश हुई थी। इस मामले में खुद चुनाव आयोग ने एफआइआर दर्ज कराई और इसकी जांच कर्नाटक सीआइडी कर रही है। राहुल गांधी का आरोप है कि चुनाव आयोग कर्नाटक सीआइडी को वोट काटे जाने के मामले में बार-बार मांगे जाने के बाद भी वांछित जानकारी नहीं दे रहा है, पर चुनाव आयोग के अनुसार 2023 के इस मामले में जो जानकारी मांगी गई थी, वह सीआइडी को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस हिसाब से गेंद सीआइडी के पाले में है।

चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल फोन के जरिये उस तरह वोट काटे या जोड़े नहीं जा सकते, जैसे राहुल गांधी कह रहे हैं। किसी का नाम वोटर लिस्ट से हटाने और जोड़ने की एक तय प्रक्रिया होती है और उसमें चुनाव कर्मचारी शामिल होते हैं। वे अपने स्तर पर छानबीन कर किसी का नाम जोड़ते या हटाते हैं। इस प्रक्रिया में कई बार गड़बड़ी भी होती है, लेकिन उसके लिए जिम्मेदार बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी होते हैं, जो राज्य सरकार के तहत काम करते हैं। यदि किसी का नाम हटाने या जोड़ने में कोई खामी होती है तो इसके आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि उसके लिए सीधे मुख्य चुनाव आयुक्त जिम्मेदार हैं। राहुल गांधी यही साबित करने की कोशिश इसलिए कर रहे हैं, ताकि चुनाव आयोग को बदनाम कर सकें और यह माहौल बना सकें कि भाजपा छल-छद्म से चुनाव जीतती है।

भारत में 96 करोड़ वोटर हैं और इतने बड़े देश में कहीं पर भी मतदाता सूची में गड़बड़ी हो सकती है और होती भी है। राहुल गड़बड़ी के जो भी उदाहरण दे रहे हैं, वे कुछ सौ या हजार वोटों के हैं। यह सही है कि मतदाता सूची सही से तैयार होनी चाहिए, पर क्या कांग्रेस इसकी गारंटी ले सकती है कि उसके केंद्र की सत्ता में रहते समय चुनाव आयोग की ओर से तैयार मतदाता सूचियां दुरुस्त होती थीं? कांग्रेस इसलिए खिसियाई है, क्योंकि उसके लिए चुनाव जीतना मुश्किल हो रहा है। उसने लोकसभा चुनाव में 99 सीटें जीतने के बाद यह माना था कि अब आगामी सभी चुनावों में उसकी जीत होगी, पर जब ऐसा नहीं हुआ तो हताशा में उसने अपनी हार का ठीकरा भाजपा और चुनाव आयोग पर फोड़ना शुरू कर दिया।

यदि कांग्रेस यह समझ रही है कि इससे उसका गिरता वोट प्रतिशत बढ़ जाएगा या फिर क्षेत्रीय दलों पर उसकी निर्भरता कम हो जाएगी तो ऐसा होने वाला नहीं है। कांग्रेस पर लोग भरोसा नहीं कर पा रहे हैं तो उसकी रीति-नीति के कारण। राहुल यह समझने को तैयार नहीं कि भाजपा क्यों जीतती है? जहां भाजपा की जीत में प्रधानमंत्री मोदी की प्रभावी नेता की छवि भी कारगर साबित होती है, वहीं राहुल के लिए अपने दम पर कांग्रेस को चुनाव जिताना कठिन हो रहा है।

राहुल गांधी लगातार कह रहे हैं कि वोट चोरी के कारण लोकतंत्र खतरे में है, लेकिन वे चुनाव आयोग की विश्वसनीयता को चोट पहुंचाकर खुद ही लोकतंत्र को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। वे संविधान की दुहाई दे रहे हैं, पर संवैधानिक संस्था चुनाव आयोग को नीचा दिखा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने में राजनीतिक दलों, नौकरशाही, संवैधानिक संस्थाओं और अदालतों की एक बड़ी भूमिका होती है, पर राहुल तो बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन के मामले में सुप्रीम कोर्ट की भी नहीं सुन रहे हैं और संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव आयोग की साख नष्ट करने में तुले हैं। लोकतंत्र कायदे-कानून से चलता है। किसी की भी मनमानी लोकतंत्र को कमजोर करती है। राहुल मनमानी ही कर रहे हैं। वे यह चाह रहे हैं कि वोट चोरी पर उनकी ओर से जो कहा जा रहा है, उसे सत्य मान लिया जाए। वे अपने कथित पुख्ता प्रमाणों के साथ अदालत भी नहीं जा रहे हैं।

# संस्कार सिखाती है लोक परम्परायें- डॉ.षड़ंगी



विजय मिश्रा 'अमित'
डॉ.दिलीप षड़ंगी

सृष्टि के हरेक प्राणी की जननी माँ होती है। इस आदिशक्ति को अनादिकाल से छत्तीसगढ़ में जशगीतों के माध्यम से पूजने का रिवाज है। इस पुरातन रिवाज को पुरानी लोक गायन शैली के अलावा आधुनिक अंदाज में रोचकता के साथ प्रस्तुत करने में माहिर है डॉ.दिलीप षडंगी। अपनी अनूठी गायन कला से छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के बाहर विभिन्न राज्यों में वे अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। छत्तीसगढ़ी लोकगीतों एवं भजन गायिकी में महारथ हासिल डॉ.षडंगी अनेक राज्य एवं राष्ट्रस्तरीय महोत्सवों में शिरकत कर चुके हैं। बी.एस.सी., संगीत प्रभाकर, एम.ए. तथा एल.एल.बी. की उपाधि प्राप्त डॉ.षडंगी जी छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी भी सेवारत रहे हैं। राजधानी रायपुर में उनकी संगीतमयी यात्रा कथा पर बातचीत करने का अवसर प्राप्त हुआ, जिसका सार यहां प्रस्तुत है-

**प्रश्न-षडंगी जी जसगीतों से देवी माँ की आराधना का आरंभ आपने क्यों और कब से किया ?**

उत्तर-लोक परम्परायें ही संस्कार की संवाहक होती है अतः माँ की आराधना तो जन्मजात शुरू हो जाती है। सृष्टि की जननी माँ की महिमा को इन पंक्तियों से व्यक्त करना चाहूंगा कि ''जहां में जिसका अंत नहीं उसे आसमा कहते है, जमी में जिसका अंत नहीं उसे माँ कहते है।'' अपने बाल्यकाल से जगत जननी को व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक तौर जशगीत एवं भजन के माध्यम से पुजते आ रहा हूं। रायगढ़ से मेरी संगीत यात्रा आरंभ हुई थी।

**प्रश्न-धर्म-संस्कार-पर्वो-परम्पराओं से आदमी का जुड़ाव क्यों आवश्यक है ?**

उत्तर-देखिए जन्मजात मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। सामुदायिक जीवन व्यतीत करते हुए सामाजिक अनुशासन को बनाये रखने की दृष्टि से ही धर्म-संस्कार-पर्वो-परम्पराओं से आदमी का जुड़ाव आवश्यक है। बदलते परिवेश में इनके साथ-साथ गीत संगीत के प्रति बढ़ती दूरी एक गंभीर चिन्तन मनन का विषय है। आज नन्हें बच्चों का बचपन गीत संगीत खेल-कूद तथा संस्कार एवं परंपराओं से दूर मशीनी युग में तब्दील होता दिखाई दे रहा है। यही वजह है कि ''आदमी चाँद तारों के करीब है, पर आदमी आदमी से दूर होता जा रहा है।'' ऐसे दौर में संयुक्त परिवार की आवश्यकता भी बढ़ रही है।



*नवरात्रि विशेष जसगायक डॉ. दिलीप षड़ंगी की बातचीत*

**प्रश्न- अपनी गीत-संगीत की यात्रा में अर्जित उपलब्धियों के बारे में कुछ बताएं?**

उत्तर- विजय जी, ये तो बड़ा कठिन सवाल हो गया। अपने ही बारे में गुणगान करने वाली बात हो गयी है, पर उपलब्धियों की बात चली है तो बताना चाहूंगा कि मां वीणापाणी के आशीर्वाद से अनेक पुरस्कार, सम्मान मुझे प्राप्त हुये हैं। अपनी संगीत यात्रा में फिल्म जगत के सोनू निगम, कुमार शानू, नीतिन मुकेश, अनुराधा पौडवाल, उदित नारायण, साधना सरगम, मोह.अजीज तथा अभिजीत जैसे नामचीन गायक,गायिकाओं की आवाज में अपने संगीत निर्देशन में छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, उड़िया गीत, भजन एवं हास्य रचनाओं को मैने संगीतबद्ध किया है।

**प्रश्न-अपनी कलायात्रा के खट्टे-मीठे अनुभव को कैसे परिभाषित करेंगे?**

उत्तर- कला यात्रा के साठ वर्षो को पूरा करते हुए अनेक खट्टे-मीठे अनुभवों से मुझे गुजरना पड़ा। इसे मुनव्वर राना जी के शब्दों में कहना चाहूंगा कि ''रोने में इक खतरा है, तालाब नदी हो जाते हैं, हंसना भी आसान नहीं, लब जख्मी हो जाते हैं।'' ऐसे अनुभव के बीच संगीत की यात्रा में मुझे याद आता है वो लम्हा जब फिल्म सिटी मुंबई में गायक नीतिन मुकेश जी के साथ एक गीत की रिकार्डिंग के दौरान मेरी आवाज की सराहना करते हुये उन्होंने कहा था कि आपकी आवाज मेरे पापा मुकेश जी की आवाज के बहुत करीब है। ऐसे अविस्मरणीय पल मेरे अनमोल धरोहर हैं।

**प्रश्न- सफलता की सीढ़ी चढ़ते हुये आलोचनाओं से आप कितने प्रभावित होते है?**

उत्तर- षडंगी जी हंस कर कहते हैं विजय जी, मेरे विचार से हर सफल व्यक्ति को आलोचनाओं का शिकार होना पड़ता है। हमारे विद्वजनों का भी कथन है कि सफलता के साथ इर्ष्या भी जन्म लेती है। ऐसे दौर में आलोचना से बचने का एक ही उपाय है कि आप अपने कार्य में एकाग्रता से जुटे रहें। वैसे भी आलोचकों की तुलना मैं रेतमाल पेपर से करता हूँ। रेतमाल पेपर किसी भी वस्तु को खरोंचता है तकलीफ पहुंचाता है, पर अन्त में स्वयं समाप्त हो जाता है, जबकि जिस वस्तु को वह खरोंचता है, वह और अधिक चमकीली हो जाती है।

**प्रश्न-प्रायः संगीत कार्यक्रम में बाहर रहते हैं ऐसे में-पारिवारिक-सामाजिक-राजनैतिक कार्यों के मध्य समुचित तालमेल कैसे बना पाते हैं?**

उत्तर- पुरानी काहवत है ''जहाँ चाह, वहाँ राह।'' किसी भी व्यक्ति को जब अपनी रूचि के अनुरूप कार्य करना होता है तो वह हर परिस्थिति में अपने लिये कार्य के अनुकूल बेहतर रास्ता निर्मित कर लेता है। मुझे भी अपने घर परिवार से समुचित सहयोग मिल ही जाता है। यही मेरी सफलता का एक बड़ा कारण भी है। षडंगी जी से बातचीत समाप्त करके लौटते हुए मेरा मन उनके सुप्रसिद्ध जशगीत ''आमापान के पतरी करेला पान के दोना ओ'' को गुनगुना रहा था।



विजय मिश्रा 'अमित'
पूर्व महाप्रबंधक (जन).अग्रोहा कलोनी
रायपुर छ.ग. 492013

*विचार सरिता*

# जीवन कौशल : डिजिटल युग में नीर-क्षीर विवेक अपनाकर जिएँ संतुलित जीवन

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



वर्तमान युग सोशल मीडिया का है। इसमें व्यक्ति लगभग दिन भर डिजिटल रहता है। इसमें से भी अधिकांश समय वह ऑनलाईन रहता है। अगर ऑफलाईन हुआ भी तो अपना कार्य मोबाइल और कंप्यूटर पर ही करता है। कुल मिलाकर अब वह डिजिटल वर्ल्ड का चाहा-अनचाहा नागरिक बन गया है।

आज मनुष्य सूचना क्रांति के युग में है। वह सूचनाओं की बाढ़ के बीच अपनी जीवन नौका खे रहा है। मनुष्य स्वयं इस बात का भली प्रकार निश्चय कर सकता है कि कौन सी सूचना उसके लिए आवश्यक है,और कौन सी नहीं; फिर भी वह स्वयं कोई निर्णय करने के बदले सूचनाओं की बाढ़ में बहता चला जाता है। अब बिना दृढ़ निश्चय और संयम की पतवार के नैया पार लगेगी कैसे?

दोष डिजिटल वर्ल्ड का नहीं बल्कि हमारा है। हम स्वयं इसकी गिरफ्त में होना चाहते हैं और जब इसके भंवरजाल से निकल नहीं पाते हैं, तो इसे ही दोष देने लगते हैं। मेरे एक मित्र ने डिजिटल वर्ल्ड को दोष देते हुए कहा,

''क्या करूं, अब सब काम ऑनलाईन या मोबाइल से करना होता है।''

मैंने कहा, ''यह आवश्यक नहीं है। विकल्प आपके हाथ में है। आप कई गतिविधियों को ऑफलाईन भी कर सकते हैं।''

''कैसे?'' उन्होंने पूछा।

मैंने कहा, ''यह आप जो बाजार से खरीदे जाने वाले सामानों की लिस्ट मोबाइल फोन में टाइप कर रहे हैं। उसे कागज पर भी लिखा जा सकता है।''

बात कड़वी लेकिन सच थी। मित्र को उत्तर देते नहीं बना।

# शिक्षा जगत पर जीएसटी का भारी प्रहार भारत में



शिक्षा जगत पर जीएसटी का भारी प्रहार भारत में पहली बार विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य पुस्तक और कॉपियां अब 18 प्रतिशत तक महंगी होने की संभावना वित्त मंत्री द्वारा घोषित हाल ही में जीएसटी सुधार 2.0 के नाम पर छपी पुस्तके जो विद्यार्थियों के लिए एक तरह से अनिवार्य हैं। शासन ने इनके मुद्रण हेतु उपयोग में आने वाले कागज पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने की तैयारी कर ली है। इस तरह से विद्यार्थियों और पालकों की जेब पर तगड़ा असर पढ़ना तय है। क्या शासन अपनी जेब भरने के लिए विद्यार्थियों और देश में शिक्षा के प्रसार पर प्रहार करने के लिए मजबूर है। एक ओर तो शासन द्वारा विद्यार्थियों को पुस्तकों के मुफ्त वितरण का दावा किया जाता है, दूसरी और भारी कर लगाकर इन्हें अत्यधिक महंगा करने का कार्य हो रहा है। बता दें कि छपी पुस्तकों पर आजादी से आज तक कभी भी विक्रय कर या जीएसटी नहीं रहा लेकिन अभी पिछले दरवाजे से पुस्तकों के मुद्रण में उपयोग होने वाले कागज पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने की तैयारी की जा रही है, जिससे पुस्तक कई गुना महंगी होने की पूर्ण संभावना है।


इंदौर के शैक्षणिक पुस्तक प्रकाशक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि शासन, शिक्षा मंडल, उच्च शिक्षा आयोग और सभी विश्वविद्यालय समय-समय पर अपने पाठ्यक्रम परिवर्तित कर देते हैं, जिससे पुस्तकों का एक बड़ा भाग रद्दी/स्क्रैप हो जाता है। यदि लागत में इस हिस्से को भी जोड़ा जाए तो इस जीएसटी का असर लगभग 40प्रतिशत तक मूल्य वृद्धि के रूप में विद्यार्थियों को ही वहन करना होगा। क्योंकि लागत बढ़ना और कोर्स बदलने के कारण पूरा स्टॉक नहीं बिक पाना साथ ही पुस्तकों पर जीएसटी नहीं होने से कोई टैक्स क्रेडिट नहीं मिलना इन सबका असर अंततः विद्यार्थियों पर ही पड़ना तय है।

## शब्द सामर्थ्य -177

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**
1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 176 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| खा | | त | म | न्ना | | | जा | |
| न | जा | क | त | | खा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | वि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| ब | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | वा | र |

## सामयिक कहानी

### बशर्ते कि जॉच अधिकारी हो ईमानदार!

खबर पढ़कर खुश होकर
बानी बोले - ''ये लो गिरधारी !
हमारी सरकार ने तुम्हारी सुन ली
और तुम्हारी संचित शंका दूर कर दी।
सेन्ट्रल और स्टेट के
जीएसटी विभाग के अफसर
बाजार में औचक निरीक्षण करेंगे
जिन 54 चीजों के दाम
घटाने की घोषणा की गई है
वे उन सामान को खरीदेंगे
और मालूम गिरधारी!
दाम अगर न घटाए,
तो विक्रेता पर तुरन्त एक्शन लेंगे।
गिरधारी ! तुम व्यर्थ शंका कर
चिन्ता कर रहे थे कि व्यापारी
बढ़े हुए दाम नहीं घटाएंगे।
और उपभोक्ता बेचारे
कुछ नहीं कर पाएंगे।
पर अब जब दुकान में औचक
घुसेंगे जॉच अधिकारी
तो फिर दाम कम करेंगे ही व्यापारी।
अब तो तुम निश्चिन्त हुए न गिरधारी ?''
गृहस्थ गिरधारी मुस्कराए, बोले -
बानी! तुम्हारी इस खबर से
हमारा दिल भी गार्डन-गार्डन हो गया यार!
पर सचमुच हमें हार्दिक प्रसन्नता
तब होगी बानी! बशर्ते कि जांच अधिकारी
अपने काम में हो ईमानदार।



गिरीश बक्शी

## सू- दोकू क्र.177

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | 2 | | | | 1 |
| | | 5 | 1 | | | | 3 | |
| 7 | | | | 9 | | 8 | | 5 |
| | 8 | | 3 | | 7 | | 5 | |
| 2 | | 7 | | | | 1 | | 3 |
| | 4 | | | 1 | | | 8 | |
| 6 | | 2 | | | 9 | | | |
| | 5 | | 7 | | | 3 | | |
| | | 8 | | 5 | | | 6 | 7 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.176 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 4 | 7 | 2 | | 1 | 8 |
| 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 4 |
| 5 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 |
| 3 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 4 | 5 |




*आस्ट्रिया: दाढ़ी-मूंछों की प्रतियोगिता के दौरान रौबीली मूंछें दिखाते प्रतिभागी।*

## राशिफल

**मेष** — बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। परिजनों के सान्निध्य में पूरा दिन व्यतीत होगा। अपने स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। रोजगार में लाभकारी स्थिति से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष राशि** — सगे-संबंधियों के बीच अपने अनुकूल अपेक्षा रखना ठीक नहीं है। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंताएं होंगी। व्यावसायिक योजनाएं विफल होती नजर आएंगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी।

**मिथुन** — मन में कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। देवी की आराधना में मन केंद्रित होगा। परिजनों का सान्निध्य मिलेगा। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

**कर्क** — आवेश व उच्छृंखलता पर नियंतण्ररखें। ईशवरीय आस्था से मन शांति की अनुभूति करेगा। परिजनों के मध्य सब कुछ सामान्य होगा। पारिवारिक चिंताओं से मन ग्रसित होगा।

**सिंह** — अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। किसी पुराने संबंधी से निकटता बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कन्या** — पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। कुछ नई अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

**तुला** — अपनी भावुकता पर नियंतण्ररखें। दुविधाओं को त्याग सही व स्वच्छ योजनाओं पर केंद्रित हों। सगे-संबंधियों के मध्य भावनात्मक अपेक्षाएं कष्ट की जननी बनेंगी। घर में खुशहाली रहेगी

**वृश्चिक** — कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा। संबंधियों के मध्य मधुर वाणी का प्रयोग करें। धार्मिक आस्था से मन में उत्साह का संचार होगा।

**धनु** — अच्छा होगा कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्टा करें। दूसरों की सफलता को देख अपने अंदर हीनता न आने दें। आवेश में आकर कुछ न बोलें। मन को ईरीय आस्था की ओर केंद्रित करें।

**मकर** — महत्वपूर्ण कायरें में आलस्य न करें। परिजनों का सान्निध्य मिलेगा। वाणी पर संयम रखें। मन की भावनाओं पर नियंतण्ररख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। धार्मिक कायरें में मन लगेगा।

**कुंभ** — किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा। ईरीय आस्था बढ़ेगी। जीवन साथी का भावनात्मक सहयोग मिलेगा। कुछ नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी।

**मीन** — कुछ आर्थिक चिंताएं मन प्रभावी होंगी। धार्मिक आस्था बढ़ेगी। देवी की आराधना में दिन व्यतीत होगा। राजनीतिज्ञों का सहयोग प्राप्त होगा। भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय होने के आसर हैं।

## पहला कॉलम...

### मोटर पंप चोरी करने वाले युवक को सोमनी पुलिस ने धर दबोचा

राजनांदगांव (दावा)। सोमनी पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में विद्युत मोटर पंप की चोरी करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से 10 हजार रुपए कीमत की मोटर पंप जब्त कर उसे जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। सोमनी थाना प्रभारी प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी विक्की साहू के खिलाफ पूर्व से ही चोरी के प्रकरण दर्ज हैं।




उन्होंने बताया कि प्रार्थी द्वारा 12 सितंबर को अपने निजी कृषि भूमि में सिंचाई कार्य हेतु 2 एचपी विद्युत मोटर पंप कीमती करीबन 10 हजार रूपये ठाकूरटोला नहर नाली में लगाया गया था, जिसे 17 सितंबर को सुबह करीबन 7 बजे खेत देखने गया तो मोटर पंप नही था, आसपास खोजबीन किये परंतु नही मिला कोई अज्ञात चोर मोटर पंप को चोरी कर ले गया। प्रार्थी के इस रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस दौरान मुखबीर एवं तकनीकी सहयोग से संदेही विक्की साहू पिता मनोज साहू उम्र 25 साल निवासी ग्राम सुंदरा को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया जिस पर उन्होंने बताया कि वह 16 सितंबर को अपने निजी काम कर सोमनी से बस से आते समय ग्राम मनकी अशोक लिलैण्ड शो-रूम के पास नहरनाली में लगे विद्युत मोटर पंप को देखा था जिसे चोरी करने की उन्होंने योजना बनाई और अगलै दिन 17 सितंबर की सुबह करीबन 05:00 बजे अपने घर से पैदल ग्राम मनकी अशोक लिलैण्ड शो-रूम के पास जाकर नहरनाली में लगे विद्युत मोटर को चोरी कर ले आया। पुलिस ने चोरी की गयी विद्युत मोटर पंप को आरोपी से जप्त कर उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

### शूरवीर राजा गुरुबालक दास जयंती पर नदीम मेमन के नेतृत्व में प्रसादी वितरित



खैरागढ़ (दावा)। शूरवीर राजा गुरुबालक दास जयंती पर जयस्तंभ चौक में जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि नदीम मेमन के नेतृत्व में प्रसादी वितरण कर, उनके आदर्शों को याद किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश असंगठित क्षेत्र केसीजी के जिला अध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि यतेंद्रजीत सिंह 'छोटू', सूरज महिलकर, नजीम सोलंकी, शिवम यादव, जावेद खान, इजहार खान, हिमांशु वर्मा, राजू सिंह, एहतेशाम खान, सुहैल खान 'रानू' सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित थे।

### बस्तर बाढ़ पीड़ितों के लिए विधायक श्रीमती बघेल ने दी सहयोग राशि

#### हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम आपदा की इस घड़ी में अपने बस्तर के भाई-बहनों के साथ खड़े हों - विधायक श्रीमती बघेल



डोंगरगढ़(दावा)। गत दिनों विधायक डोंगरगढ़ हर्षिता स्वामी बघेल द्वारा बस्तर बाढ़ पीड़ितों के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में चलाए जा रहे बस्तर बाढ़ पीड़ित सहायता कोष में जन भागीदारी निभाते हुए सहयोग राशि प्रदान की। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे बस्तर बाढ़ पीड़ित सहायता कोष में डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने अपना सहयोग दिया है।

उन्होंने बताया कि, बस्तर में आई भीषण बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत पहुँचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने इस कोष की शुरुआत की है, जिसमें विधायक बघेल ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह हमारा नैतिक कर्तव्य है कि हम आपदा की इस घड़ी में अपने बस्तर के भाई-बहनों के साथ खड़े हों। उन्होंने लोगों से भी इस नेक काम में आगे आकर सहयोग करने की अपील की, ताकि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन में लौटने में मदद मिल सके।

### श्री राम कथा वाचक राजन महाराज को माँ बम्लेश्वरी देवी के दर्शन का दिया न्योता



डोंगरगढ(दावा)।श्री राम कथा के मर्मज्ञ अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक राजन महाराज को मां बमलेश्वरी देवी के प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ में दर्शन के लिए निमंत्रण दिया गया। गौशाला पिंजरापोल के अध्यक्ष सिद्ध गोपाल नरेड़ी एवं राणी सती दादी मंडल के मोनू बिंदल ने भिलाई पावर हाउस में राजन महाराज की चल रही राम कथा में उन्हें डोंगरगढ़ धर्मनगरी आने का निमंत्रण दिया। साथ ही राजन महाराज को माता का छाया चित्र भेट कर उनका सम्मान भी किया गया। इस दौरान अन्य भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। राजन महाराज ने सहर्ष माता के दर्शन करने का आमंत्रण स्वीकार किया।

# भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया, अभिषेक का पचासा; गिल ने भी दिखाया दम



दुबई। भारत ने एशिया कप के सुपर चार चरण के मैच में पाकिस्तान को छह विकेट से हराकर विजयी अभियान जारी रखा है। भारत ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने साहिबजादा फरहान के अर्धशतक की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 171 रन बनाए। जवाब में अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने भारत को दमदार शुरुआत दिलाई और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 174 रन बनाकर मैच अपने नाम किया।

भारत के लिए अभिषेक ने शानदार बल्लेबाजी की और 39 गेंदों पर छह चौकों और पांच छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। उन्होंने गिल के साथ पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी की। मौजूदा टूर्नामेंट में किसी भी टीम के लिए किसी भी विकेट के लिए पहली 100+ साझेदारी है।

पारी की शुरुआत करने आए फरहान को शून्य के स्कोर पर जीवनदान मिल गया।

पहला ओवर करने आए हार्दिक पांड्या की गेंद पर थर्डमैन पर खड़े अभिषेक शर्मा ने उनका आसान कैच छोड़ा। अपने जीवनदान का उन्होंने भरपूर फायदा उठाते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

उन्होंने सैम अयूब के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 72 रन जोड़े। वह 45 गेंदों में 58 रन (चौके-5, छक्के-3) बनाकर आउट हुए।

अपनी इस अर्धशतकीय पारी के दौरान फरहान ने अपने टी-20 क्रिकेट में 4,000 रन पूरे किए। उन्होंने अब तक 133 टी-20 मैच खेले हैं, जिसमें लगभग 35 की औसत के साथ 4,008 रन बनाए। उनकी स्ट्राइक रेट लगभग 137 की रही है।

#### पहली बार एशिया कप के मैच में विकेट नहीं ले सके बुमराह

पाकिस्तान के बल्लेबाजों के सामने बुमराह महंगे साबित हुए। उनके पहले ही ओवर में फखर जमान ने लगातार 2 चौके लगाए।

बुमराह ने पावरप्ले ओवरों के दौरान 3 ओवर गेंदबाजी की, जिसमें बिना कोई विकेट लिए उन्होंने 34 रन दिए।

उन्होंने अपने 4 ओवर में बिना विकेट लिए 45 रन दिए।

एशिया कप में यह पहला मैच रहा, जिसमें बुमराह ने विकेट नहीं लिया। इससे पहले उन्होंने 14 मैचों (वनडे और टी-20 दोनों) में विकेट लिए थे।

अभिषेक ने शाहीन अफरीदी की पहली ही गेंद पर छक्का लगाते हुए अपने इरादे जाहिर किए।

उन्होंने पावरप्ले ओवरों का भरपूर फायदा उठाया और सिर्फ 24 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया।

यह मौजूदा टूर्नामेंट में उनका पहला अर्धशतक रहा।

वह 39 गेंदों में 74 रन बनाकर आउट हुए। अपनी पारी में उन्होंने 6 चौके और 5 छक्के लगाए।

## सात्विक-चिराग ने किया बड़ा कमाल, मलेशियाई जोड़ी को मात देकर फाइनल में मारी धमाकेदार एंट्री



नई दिल्ली। इन दिनों चाइना मास्टर्स 2025 की धूम है. मेंस डबल के फाइनल में भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी ने धमाकेदार एंट्री की. 20 सितंबर को खेले गए सेमीफाइनल में इस जोड़ी ने पूर्व वर्ल्ड चैंपियन मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक को सीधे गेम में 21-17, 21-14 से मात दिया. खास बात ये रही कि सिर्फ 41 मिनट में भारतीय जोड़ी के सामने आरोन और सोह ने सरेंडर कर दिया.

चाइना मास्टर्स के फाइनल में अब सात्विक-चिराग के सामने टॉप सीड कोरियाई जोड़ी होगी. कोरियाई जोड़ी में शामिल किम वोन हो और सियो सियुंग जाए कड़ी चुनौती देंगे. इस जोड़ी विश्व चैंपियन जोड़ी ने इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरी को 21-13, 21-17 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की है. भारतीय जोड़ी सात्विक-चिराग ने पिछले हफ्ते वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया था. इसके बाद ये जोड़ी हॉन्ग कॉन्ग ओपन के फाइनल में भी पहुंची थी, लेकिन उसे हार मिली. लेकिन एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग की जोड़ी इस बार चाइना मास्टर्स के फाइनल में मौका नहीं चूकना चाहेगी।

## रक्तदान जीवन को बचाने का साधन ही नहीं बल्कि सेवा, संवेदनशीलता और समर्पण का प्रतीक - कोमल राजपूत

#### कबीर कुटी आश्रम सुंदरा में 83 रक्तवीरों को हेलमेट भेंटकर किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। सेवा पखवाड़ा भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर में विशाल रक्तदान शिविर कबीर कुटी आश्रम ग्राम सुंदरा में 21 सितंबर को आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर पूरे देशभर में चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में रविवार को भाजपा पश्चिम मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने शिविर का शुभारम्भ किया। कबीर कुटी आश्रम, सुंदरा में आयोजित इस ऐच्छिक रक्तदान शिविर निःशुल्क रक्तदान शिविर में ग्रामीणों सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में रक्तदान करने वाले सभी दाताओं का सम्मान करते हुए उन्हें हेलमेट, प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह केवल किसी के जीवन को बचाने का साधन ही नहीं, बल्कि संवेदनशीलता, सेवा और समर्पण का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में हर वर्ग की भागीदारी समाज को नई दिशा देने का काम करती है। श्री राजपूत ने सभी रक्तदाताओं और आयोजन से जुड़े कार्यकर्ताओं को हृदय से साधुवाद और बधाई दी।



इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के साथ जनपद अध्यक्ष प्रतिमा पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सभापति पूर्णिमा साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष पुष्पा उईके, मंडल कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, मंडल उपाध्यक्ष मुकेश साहू, महामंत्री बलराम निर्मलकर, मोतीलाल साहू संयोजक, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू, कोमल टंडन, ग्राम पंचायत सुंदरा सरपंच हिपेन्द साहू, मिडिया प्रभारी देवल साहू, सोसल मीडिया प्रभारी राकेश साहू सिघोलिया एवं समस्त भाजपा राजनांदगांव ग्रामीण पश्चिम मंडल एवं क्षेत्रवासी ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन प्रभारी हिपेद्र साहू एवं जितेंद्र साहू थे। भाजपा ग्रामीण पश्चिम मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, बलराम निर्मलकर महामंत्री, मोती देवांगन सेवा पखवाड़ा प्रभारी, हेमदीप साहू, हेमलाल साहू कोमल टंडन ने सहित अन्य कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। रक्तदान शिविर में बालाजी ब्लड बैंक राजनांदगांव मदन साहू एल आई सी प्रॉपर्टी सलाहकार अपने सहयोगी टीम के साथ अपनी सेवाएं दी।

## नवरात्रि पर्व को देखते हुये 7 बदमाशों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



डोंगरगढ़(दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा नवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुये क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु थाना क्षेत्र 07 बदमाशो के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम कार्यालय में पेश किया गया है।

पकड़े गए आरोपीयों में नया बस स्टैण्ड डोंगरगढ़ के पास भरत खुटी पिता राजकुमार खुटी उम्र 22 साल निवासी मोचीपारा जो कि, सुजू थापा के साथ बैठ कर गांजा पीने के नाम पर लडाई झगड़ा कर रहा था एवं वहां के लोगों के द्वारा समझाने पर और आक्रोषित होकर लड़ने झगड़ने लगा था। नया बस स्टेण्ड डोंगरगढ़ के पास अनावेदक सन्जू थापा पिता स्व. धनबहादुर उम्र 30 साल निवासी डोंगरगढ के द्वारा अपने मोहल्ले मे शराब पीकर लोगों के साथ वाद-विवाद एव गाली गलौच लडाई झगड़ा कर रहा था। संजू थापा अपराधिक प्रवृत्ति के है जिसके विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अनेक आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध पाया गया है। ठेठवार पारा डोंगरगढ़ में अनावेदक विजय साहू पिता डोमार साहू उम्र 24 साल निवासी ठेठवारपारा फारसी गली वार्ड नं. 23 डोंगरगढ के द्वारा राहगीरों को एवं बच्चों से वाद विवाद कर रहा था अनावेदक विजय साहू को आम लोगो द्वारा समझाने पर और आक्रोषित होकर लडाई झगडा करने लागा।

नया बस स्टेण्ड के पास अनावेदक योगेश कुमार रायपुरी पिता स्व गोपाल राम रायपुरी उम्र 28 साल निवासी खुटापारा वार्ड नं. 01 डोंगरगढ़ एव हरिश यादव पिता दीपक यादव उम्र 26 साल निवासी थाना चौक वार्ड नं. 18 डोंगरगढ के द्वारा नया बस स्टेण्ड के पास आने जाने वाले लोगों को जबरन परेशान एव वाद विवाद कर रहा था एवं नया बस स्टेण्ड के लोगों द्वारा समझाने पर और आक्रोशित होकर मरने एवं मारने पर उतारू हो गया था। रविदास नगर मोचीपारा डोंगरगढ़ के अनावेदक संदीप चौरे पिता नंदकुमार चौरे उम्र 36 साल निवासी रविदास नगर मोचीपारा डोंगरगढ़ एव अनिल हठीले पिता दिपक हठीले उम्र 39 साल निवासी रविदास नगर मोचीपारा थाना डोंगरगढ़ दोनों अनावेदक के द्वारा मोहल्ले में गाली गुप्तार कर लोगों को मारने पिटने की घमकी दे रहा था एवं मोहल्ले के लोगों के द्वारा अनावेदक संदीप एव अनिल हठीले को समझाने का प्रयास किया, जिस पर दोनों पा आक्रोशित होकर लडाई झगडा एवं मरने मारने पर उतारू हो गया था। सभी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### निःशुल्क विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला अतरिया बाजार में 23 को

खैरागढ़ (दावा)। संचालक, आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी सिद्ध एवं होम्योपैथी (आयुष) छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के योजनानुसार, जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव के कुशल मार्गदर्शन में मंगलवार 23 सितंबर 2025 को बाजार अतरिया के प्राथमिक शाला प्रांगण में एक दिवसीय निःशुल्क रोग निदान एवं आयुर्वेद चिकित्सा/होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें अनुभवी एवं योग्य चिकित्सकों द्वारा वात रोग, उदर रोग, स्त्री रोग, चर्म रोग सहित अन्य सभी प्रकार के जटिल रोगों का आयुर्वेद/होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति द्वारा निदान कर निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जावेगा। साथ ही बी.पी. जांच, शुगर जांच भी किया जायेगा। उक्त शिविर में दोनों पद्धतियों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा जांच की जावेगी। प्रकृति परीक्षण एवं काढ़ा वितरण किया जायेगा।

#### 'हर दिन हर घर आयुर्वेद'

शिविर प्रभारी डॉ. प्रसन्न कुमार प्रधान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी नोडल अधिकारी-खैरागढ़, आयोजक डॉ.शिल्पा मिश्रा जिला आयुष अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.) ने सभी क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है। उक्ताशय की जानकारी खोमदास साहू टोलागांव ने दी।

# कालकापारा-बुधवारी को जोड़ने वाला अंडर ब्रिज मार्ग सुविधाजनक बने, कलेक्टर से की गई मांग

#### पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर की विशेष पहल

डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्र की तैयारी को लेकर जिले के कलेक्टर के पहुंचने पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने अवगत कराते हुए कलेक्टर को दर्शनार्थियों की सुविधा सहित आवागमन की समस्या को लेकर ध्यान आकर्षित करवाने पर जिले के कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने निरीक्षण के लिए पहुंचे। नवरात्र पर्व में लाखों की संख्या में दर्शनार्थी मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुंचते है। महाराष्ट्र व खैरागढ़ की ओर से आने वाले अधिकांश दर्शनार्थी रेलवे अंडरब्रिज से होकर माता के दर्शन के लिए पहुंचते है। रेलवे द्वारा बनाए गए इस अंडरब्रिज में आवागमन करने वाले लोगों पर ऊपर से पानी के बूंदे गिरती रहती है इस अंडरब्रिज में बारिश हो जाने से बारिश का पानी अचानक भर जाने से आवागमन करने वाले लोगों को इस मार्ग से गुजरना मुश्किल हो जाता है। अधिक बारिश का पानी भर जाने से इस अंडरब्रिज को कुछ घंटों के लिए बंद करने की नौबत भी आ चुकी है। पर रेलवे प्रशासन के द्वारा इस समस्या के निदान के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं करने से लोगों में आक्रोश है।



इसी प्रकार कालकापारा से रेलवे चौक, बुधवारी जाने वाले मार्ग में जो अंडरब्रिज है उसे भी रेलवे विभाग के द्वारा बंद करवा दिया जाता है। जबकि नगर से होते हुए पैदल दर्शनार्थी भी इस मार्ग से होकर माता के दरबार में पहुंचते है। डोंगरगढ़ में रेलवे पटरी के दोनों ओर लोग भारी संख्या ने रहते है। एक और बाजार लगता है, तो दूसरी ओर मॉ बम्लेश्वरी माता के मंदिर चंद्रगिरी, प्रज्ञागिरि धार्मिक स्थल है। धार्मिक स्थल होने से दर्शनार्थी रोज यहां पर पहुंचते है, कालकापारा से रेलवे चौक जाने के मार्ग में इस रेलवे के पुल के नीचे से आवागमन के लिए लाखों रूपए खर्च कर मार्ग को बनवाया गया था। लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुवे इस रेलवे के पुल को चालू करवाने के लिए जनप्रतिनिधियों ने इस पुल के पास सहित रेलवे स्टेशन पर आंदोलनों तक करना पड़ा था, पर रेलवे ने कोई सुध तक नहीं ली। जिले के कलेक्टर ने इस पुल को देखकर दर्शनार्थियों के सुविधा के लिए इस मार्ग को तत्काल मरम्मत करने के निर्देश दिए है। नवोदय के पास रेलवे के पुल का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण किया गया है। इस मार्ग से भी अछोली होते हुए पदयात्री माता के दरबार में पहुंचते है। इसके अलावा रेलवे अंडरब्रिज के पास से ऊपर मंदिर जाने वाले मार्ग में नगर पालिका के द्वारा बनाई गई दुकान जो खाली है। नवरात्र में दुकान लगाने के लिए निरीक्षण किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दर्शनार्थियों व नगर लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुवे कलेक्टर के समक्ष सभी बातों को प्रमुखता से रखा। जिसके बाद कलेक्टर ने दर्शनार्थियों व लोगों की सुविधा का ध्यान रखते हुए निरीक्षण कर समस्या से अवगत होकर उसके निदान के लिए तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल चारभाटा में सरस्वती प्रदाय योजना के तहत साइकल किया वितरण



**तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ की गई योजना का लाभ मिल रहा है छात्राओं को - गिरवर**

डोंगरगढ़ (दावा)। राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना सरस्वती प्रदाय योजना के तहत हाईस्कूल चारभाटा में 9वी के छात्राओं को साइकल वितरण किया गया।

जिसमें जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं जनपद शिक्षा समिति के सदस्य अशोक नेताम, जनपद सभापति थनवार मण्डावी, जनपद सदस्य श्रीमति गिरजा कंवर शाला विकास समिति के अध्यक्ष हनुमान दास साहू कार्तिक कवर, ऋषि राम सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य सुश्री शैलजा मसीह की उपस्थिति में साइकल वितरण का कार्यक्रम सम्पन्न हुया। जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के कार्यकाल में प्रारंभ की गई योजना से स्कूल में छात्राओं की उपस्थिति में इज़ाफ़ा हुआ है।

यह योजना दूर-दूर से आने वाली छात्राओं को शाला से जोड़ने के उद्देश्य से सरस्वती साइकल प्रदाय योजना के नाम से प्रारंभ की गई थी। जिसका आज बहुत ही अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

## खैरागढ़ महाविद्यालय साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बढ़ते साइबर अपराध से अवगत कराया**




खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा और महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओ.पी. गुप्ता के मार्गदर्शन में रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं साइबर सेल, जिला पुलिस खैरागढ़ छुईखदान गंडई के संयुक्त तत्वाधान में साइबर जागरूकता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यालय पुलिस अधीक्षक केसीजी की साइबर टीम के सदस्य के साथ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी यशपाल जंघेल एवं अतिथि व्याख्याता डॉ. उमेंद चंदेल उपस्थित थे। कमलेश श्रीवास्तव ने आजकल समाज में बढ़ते साइबर अपराध के प्रकारों से अवगत कराते हुए उनसे बचने के उपाय को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा वे किसी भी अनजान वाइस या वीडियो काल को न उठाएँ, न ही उनके द्वारा भेजे गए किसी भी लिंक को टच करें। किसी को भी अपना ओटीपी शेयर न करें। एटीएम से पैसा निकालते समय किसी अनजान व्यक्ति को आपका एटीएम कार्ड न दें।

इन छोटी-छोटी सावधानियों से आप साइबर अपराध से बच सकते हैं। त्रिभुवन चंद ने मोबाइल और इंटरनेट के बढ़ते दुरुपयोग से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए डिजिटल अरेस्ट और वीडियो काल से होने वाली धोखाधड़ी को विस्तार से समझाया और कहा कि ऐसी स्थिति आने पर हमें बिल्कुल नहीं घबराना चाहिए। साइबर अपराधी हमारी डर का ही फायदा उठाते हैं। हमें तुरंत अपने परिचितों से चर्चा करनी चाहिए और साइबर सेल से संपर्क करना चाहिए। इसके किया उन्होंने साइबर सेल का संपर्क नंबर भी विद्यार्थियों से साझा किया। उपस्थित वक्ताओं का आभार डॉ. उमेंद चंदेल ने किया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक टिकेंद्र वर्मा, लीना वर्मा, गौरी यदु, सोनी मंडावी, देवेंद्र पटेल, कुलेश्वर मानिकपुरी, वर्षा वर्मा, प्रमोद सिन्हा के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी पर आधारित बायोपिक का प्रदर्शन


**डोंगरगढ़ (दावा)। आज 20 सितंबर समय सुबह 9:30 बजे को सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र दामोदरदास मोदी के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से चित्रित कर दिखाया गया।**



नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सांसद प्रतिनिधि तरुण हथेल, शहर मंडल महामंत्री विनय बंसल, विनीत यादव, सेवा पखवाड़ा के संयोजक कैलाश सोनवानी, अजय शर्मा, अलका जैश सहारे, भाजपा वरिष्ठ नेता कुलवंत सिंह कक्कड़, द्वारका प्रसाद शर्मा, सत्यप्रकाश मिश्रा, डी एकेश राव, देवेंद्र साखरे, हरीश मोटघरे, शिवांगी साखरे, बबीता मलगार, रेखा राघोतरे, रतन कोसे, अनीता इंदुलकर, लक्ष्मी यादव, लोकेश इंदुलकर, परविंदर सिंह मोंटी, शारफराज नवाज, नागेंद्र परिहार, पप्पू नामदेव, कन्हैया अग्रवाल, मुकुंद कंडरा, शुभम परिहार, महेश सहारे, ओम प्रकाश साखरे, आवेश निगम, मयंक डोंगरे, सत्यम भैया के साथ भाजपा कार्यकर्तागण, सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यगण एवं शिक्षार्थियों ने साथ मिल कर बायोपिक को देखा और उससे प्रेरणा ली।

# आज से नवरात्रि प्रारंभ, मंदिरों में जलेंगे आस्था के ज्योत

**जगह-जगह विराजेंगी मां दुर्गा, पूजा-भक्ति की बहेगी बयार**



राजनांदगांव (दावा)। आज 22 सितंबर सोमवार से शारदीय नवरात्र का आगाज होने जा रहा है। आज नवरात्रि के प्रथम दिन मंदिरों में आस्था के ज्योत जलाएं जाएंगे वहीं आदि शक्ति मां दुर्गा भवानी काली खप्पर वाली की प्रतिमांए जगह-जगह विराजेंगी। भक्त जन मातारानी दुर्गा अंबे काली की प्रतिमाओ? को बाजे-गाजे के साथ मूर्तिकारो के यहां से लिवा कर लें आएंगे। इससे बाद नौ दिनों तक शक्ति आराधना के पर्व में मातारानी की पूजा अर्चना ध्यान साधना उपासना व्रत का दौर चल पड़ेगा। मातारानी की शान में जस गान, जस जगराता जैसे आयोजन किए जाएंगे। मांदर ढोलक झांझ मंजीरे के साथ जस गीत गाए जाएंगे। इस दौरान पूरा माहोल माई की भक्ति में सना रहेगा।

### मंदिरों में जलेंगी आस्था की ज्योति

बता दें कि शारदीय नवरात्र में डोंगरगढ़ की पहाड़ी वाली माता मां बम्लेश्वरी के पूजन-अर्चन की धूम बनी रहती है। नवरात्रि में नौ दिनों तक मेला रहता है। मां बम्लेश्वरी में आज भक्तों द्वारा हजारों की संख्या में मनोकामना ज्योति जलाई जाएगी। घट स्थापना किए जाएंगे। आस्था की ज्योति जगमग होगी। इसी तरह संस्कारधानी नगरी में रियासतकालीन मंदिर मां शीतला मंदिर, पाताल भैरवी मंदिर, काली माई मंदिर, महामाई मंदिर, चंडी मंदिर, फिरंतीन माता मंदिर, वैष्णवी दुर्गा मंदिर सहित अन्यान्य मंदिरों में आज पंडित पुरोहितों की उपस्थिति में आस्था की ज्योति जलाई जाएगी। भक्त जनों द्वारा माता जी के गुणगान किए जाएंगे इसके साथ ही नौ दिनों तक मातारानी के पूजा- अर्चना सहित श्रद्धा भक्ति की बयार बहेगी। नवरात्रि के नौ दिनों तक चारों ओर धर्ममय माहौल बना रहेगा।

# सोसाइटी एवं कॉलोनी सुरक्षा को लेकर सीएसपी वैशाली जैन ने सोसाइटियों एवं कॉलोनी पदाधिकारियों की ली बैठक



**कॉलोनी में आने वाले बाहरी व्यक्तियों की सूची संबंधित थाना में जमा कराने दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। शहर में बढ़ती चोरियां व अन्य अपराधों को लेकर पुलिस सतर्क हुई है और रविवार को शहर के सभी सोसायटियों व कालोनियों के पदाधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक निर्देश दिए हैं। नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली सिंह ने उक्त बैठक में सोसायटी व कालोनी के पदाधिकारियों को सोसाइटी व कॉलोनी गेट पर सुरक्षा गार्ड अनिवार्य व्यवस्था करने के लिए कहा गया।

इसी तरह उन्होंने सोसाइटी परिसर में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे, रोशनी एवं रिकॉर्डिंग स्टोरेज की व्यवस्था अनिवार्य रुप से रखने के लिए कहा गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि लंबे समय तक घर खाली छोड़ने वाले परिवारों की जानकारी कॉलोनी अध्यक्ष को देना आवश्यक होगा। वहीं कॉलोनी में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। बता दें कि पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जन संवाद कक्ष में रविवार को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में शहर की सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन ने विभिन्न सोसाइटी एवं कॉलोनियों के पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कॉलोनी स्तर पर सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ बनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में वैशाली ने स्पष्ट किया कि कॉलोनी एवं सोसाइटी में बाहर से आने वाले व्यक्तियों की सूची संबंधित थाना में जमा की जानी चाहिए। साथ ही कॉलोनी परिसर में पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे, रोशनी और रिकॉर्डिंग स्टोरेज की अनिवार्य व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया कि जो परिवार लंबे समय तक घर खाली छोड़कर बाहर जाते हैं, उनकी जानकारी कॉलोनी अध्यक्ष के पास होना आवश्यक है। कॉलोनी क्षेत्र में किसी संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील भी की गई।

# लोहाणा समाज में शारदीय नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाने हेतु तैयारी पूर्ण



राजनांदगांव (दावा)। लोहाणा समाज में शारदीय नवरात्रि उत्सव पूरे धूमधाम से मनाने हेतु तैयारी की जा रही है, सोमवार 22 सितंबर को सुबह 11.24 बजे से माताजी की स्थापना पूजा प्रारंभ होगी, इसके पश्चात आरती होगी।

इस वर्ष नवरात्रि पर्व 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। माताजी की आराधना, पूजा नित्य सुबह शाम होगी, रात्रि 9 बजे से समाज के सभी वर्ग रास गरबा में शामिल होकर गरबा करेंगे। पूरे समाज में उत्साह हर्षोल्लास से यह पर्व प्रतिवर्ष लोहाणा महाजन वाड़ी में मनाया जाता है, ज्योत जंवारा के साथ माताजी की स्थापना की जाती है।

इस वर्ष उत्सव का 70 वां वर्ष है। छोटे बच्चे से लेकर सभी वर्ग के सदस्य माताजी के गरबा व आरती पूजन में शामिल होते हैं। महाअष्टमी 30 सितंबर को दोपहर 1.30 बजे से यज्ञ हवन होगा। 1 अक्टूबर को रात्रि 11 बजे पश्चात विसर्जन किया जाएगा। पूरे पर्व की पूजन विधि विद्वान प.महेंद्र भाई शुक्ला द्वारा कराई जाती है। इस महापर्व हेतु लोहाणा महाजन, लोहाणा ट्रस्ट मंडल, लोहाणा नवयुवक मंडल, लोहाणा महिला मंडल के साथ पूरा लोहाणा समाज तैयारी करता है। यह जानकारी मनीष भाई साहिता एवं योगेश भाई कोटक द्वारा जानकारी दी गई।

# नारी तू नारायणी-महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार सदैव तत्पर- संतोष पाडेय

**लाल बहादुर नगर के स्वास्थ्य शिविर में हुआ ऐतिहासिक 2933 पंजीयन एवं 103 रक्तदान**



डोंगरगढ़(दावा)। सेवा पखवाड़ा एंव रजत जयंती के अवसर पर 20 सितंबर को नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में खण्ड स्तरीय विशाल स्वास्थ्य शिविर एवं विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ।इस शिविर में ऐतिहासिक 2933 पंजीयन एवं 103 रक्तदान किया गया, जो अपने आप में इस शिविर की सफलता बता रहा है। इस शिविर में आयोजन समिति के द्वारा सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का सम्मान अभिनंदन पत्र से किया गया। राजनांदगांव लोकसभा के सांसद संतोष पांडेय ने सफल आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं आयोजन समिति, भाजपा मंडल एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और नगर पंचायत लाल बहादुर नगर में किसी भी कार्य की कमी नहीं होगा इसका विश्वास भी दिलाया।

सासंद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के रूप में पुरे देश में अनेक कार्यक्रम चल रहे हैं जो 02 अक्टूबर तक चलेगा, इसी परिपेक्ष्य में स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इस शिविर के माध्यम से गांव, गरीब, महिला एवं सभी व्यक्तियों को एक ही जगह में स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम प्रमुख रूप से सासंद संतोष पांडेय, डोंगरगढ़ विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव, पूर्व प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु, पूर्व विधायक खेदू राम साहु, वरिष्ठ नेता दिनेश गांधी, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जनपद अध्यक्ष श्रीमती लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीराराम वर्मा, जिला पंचायत सभापति प्रशांत कोड़ापे एवं अनिता मंडावी, जनपद सभापति सुरेश वर्मा एवं थनवार मंडावी, जनपद सदस्य गिरजवती कंवर एवं रेशमा कंवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नेतराम नवरतन, समाज कल्याण के उप संचालक वैशाली भारतद्वाज, जिला कार्यक्रम अधिकारी संदीप ताम्रकार, तहसीलदार कमल किशोर साहु, नगर पंचायत के सीएमओ शैलेश पांडे, कालेज के प्राचार्य डॉ आर. के. ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती गोदावरी निषाद, उपकार सिंह बघेल एवं चंद्रप्रकाश देशमुख, पटेल हुकुमचंद साहु, पुष्पा सिन्हा, वेदराम ताम्रकार, राजेन्द्र तिवारी, अशोक साहु, राजकुमार ताम्रकार, रामाधार ओझा, देवेन्द्र यादव, पिताम्बर सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, राजेन्द्र साहु , मौरध्वज साहु, प्रमोद वर्मा, सरपंचगण - राजकुमार निषाद, चैतराम कुंजाम, जाफर अली, पुनेश्वरी कंवर, मोतीम वर्मा, बबीता टेंभुलकर, पुनऊ यादव सहित नगर पंचायत के सभी पार्षदगण, सरपंचगण, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मंडल के कार्यकर्ता, नगरवासी एवं विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने मोदी सरकार सदैव तत्पर- संतोष पांडेय

सासंद संतोष पांडे ने अपने उद्बोधन में बताया मोदी सरकार देश की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं, महिलाएं स्वस्थ रहेगी तभी परिवार सशक्त होगा। जैसे हम मां सीता और मां दुर्गा का पुजा और सम्मान करते हैं वैसे ही हमें सभी महिलाओं का सम्मान करना चाहिए क्योंकि नारी नारायणी का रूप होता है।

### रक्तदान सहित विभिन्न रोगों के उपचार व जांच किए गए

शिविर में रक्तदान, नेत्र जांच, मोतियाबिंद जांच, गर्भवती जांच, दवा वितरण, दंत रोग जांच, सर्दी, खांसी, बुखार जांच, आयुर्वेदिक जांच, होम्योपैथिक,एचआईव्ही जाँच, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, आयुष्मान कार्ड, नाक कान गला जांच, चश्मा वितरण एंव समाज कल्याण विभाग द्वारा जरुरतमंद लोगों को व्हीलचेयर, ट्रायसिकल श्रवण यंत्र एवं बैसाखी जोड़ी वितरण किया गया। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को आयोजन समिति के द्वारा हेलमेट, एक पेड़ और एक पेन से सम्मानित किया गया।

### सफल आयोजन के लिए आभार जताया नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने

आयोजन समिति के संरक्षक देवेन्द्र साहू (अध्यक्ष नगर पंचायत), अध्यक्ष डॉ. सुचिता श्रीवास्तव (खण्ड चिकित्सा अधिकारी), संयोजक मनोज कांडे (मंडल अध्यक्ष) एवं हेमलाल वर्मा (मंडल महामंत्री), सह संयोजक छबीधर साहू, कार्यक्रम के कर्ताधर्ता अनिल श्रीवास्तव ने इस शिविर को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की पुरी टीम, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, क्षेत्र के सभी सरपंचगण एवं सभी जनप्रतिनिधियों, भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# नवरात्र मेले में मीना बाजार के झूलों की दर कम हो, गाड़ी के बच्चे लुफ्त उठा पाएंगे झूलों का- हथेल



**प्रमुख जनप्रतिनिधि व अधिकारियों को कमीशन देने के चक्कर में दर बढ़ा देते हैं ठेकेदार**

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने मेले में आने वाले गरीब बच्चों का ध्यान रखते हुए, क्वांर नवरात्र पर्व पर लगने वाले मेले में आम लोगों के लिए झूलों के दर को कम रखने को लेकर एसडीएम और मुख्यनगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। सांसद प्रतिनिधि, विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष व पूर्व नपाध्यक्ष तरुण हथेल द्वारा कहा गया है कि क्वांर नवरात्र पर्व में डोंगरगढ़ नगरपालिका प्रशासन द्वारा मीना बाजार लगाया गया है। जिसमें बाहर से आए दर्शनार्थियों एवं स्थानीय लोगों को सुविधाजनक दर्शन के अतिरिक्त मनोरंजन के लिए झूलों की व्यवस्था की जाती है।

पिछली मर्तबा कांग्रेस शासन काल की तर्ज पर, जिस तरह मीना बाजार के झूलो के लिए 50 से 60 रुपए प्रति झूला किराया वसूला गया था। जिसकी दर्शनार्थियों व गणमान्य जनों द्वारा काफी आलोचना की गई थी। प्रशासन से निवेदन किया गया है कि, दर्शनार्थियों के मनोरंजन के लिए सस्ती दर पर, झूलों का किराया 20 से 30 रुपए करने की मांग की गई है। जो डोंगरगढ़ मां बम्लेश्वरी की नगरी में आने वाले दर्शनार्थियों और स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। एसडीएम व नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देने पहुंचे भाजपा नेताओं में पूर्व एल्डरमैन परविंदर सिंह मोंटी, वरिष्ठ भाजपा नेता तुलसी मिश्रा, पूर्व पार्षद राकेश अग्रवाल, रमेश यादव, गीता मानिकपुरी, मीना यादव, अनिल यादव, पूजा उज्जवने, बापी सान्याल एवं डोंगरगढ़ शहर एवं ग्रामीण के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार




डोंगरगढ़ (दावा)। कल 20 सितंबर को पुलिस को सूचना मिला की शेण्डे लाज डोंगरगढ के पांर्किग के पास डोंगरगढ़ में आरोपी नागेश्वर उइके पिता पुनीत उइके उम्र 20 साल निवासी ठेठवार पारा वार्ड नंबर- 12 डोंगरगढ़ अवैध रूप से नशीली टेबलेट रखने की सुचना पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुये मौके पर पंहूचकर रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी से अपने कमर में बांधकर रखे काला रंग की पोच के अंदर मे नाईट्रोजन-10 टेबलेट कुल 10 पत्ता 09 पत्ता में 10-10 नग टेबलेट एव 01 पत्ता में 07 टेबलेट कुल 97 नग नशीली टेबलेट कीमती लगभग 436 रूपये एंव 200 रू नगदी रकम कुल रकम 636 रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा- 21(ख) एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर आरोपी को ज्युडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह, सउनि गणेश चौहान आरक्षक मिलकन वाल्टर, योगेश साहू, कीशन कुमार चन्द्रा का सराहनीय कार्य रहा।

# कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब का गंडई आगमन

**सामाजिक बंधु व बीजेपी कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत**




गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के केबिनेट मंत्री व सतनामी समाज के गुरु गोसाई गुरु खुशवंत साहेब (कौशल विकास, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार छत्तीसगढ़ शासन) का प्रथम आगमन बीते शनिवार की दोपहर 3 बजे गंडई नगर आगमन हुआ। जहां नगर के मैन चौक में बीजेपी कार्यकर्ता एवं सामाजिक बंधुओं ने आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। गौरतलब हो कि मंत्री गुरु खुशवंत साहेब खैरागढ़ के मुढ़ीपार में सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत होने आये हुए थे।

खैरागढ़ प्रवास के दौरान गुरु गोसाई ने गंडई नगर के विश्राम गृह में ठहरे जहां पर सामाजिक बंधु एवं बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुलाकात किये। इस दौरान नगर के प्राचीन शिव (देऊर) मंदिर का स्मृति चिन्ह भेंट किया गया, वहीं नगर में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की मांग को लेकर आवेदन प्रस्तुत किये।

इस समय सांसद संतोष पांडेय, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, भाजपा अनुसूचित जाति जिलाध्यक्ष जीवन दास रात्रे, जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, वरिष्ठ बीजेपी नेता टेकन देवांगन, सुमन पाटले, दीलीप ओगरे, अनु. जाति मोर्चा के ब्लॉक अध्यक्ष राकेश टंडन, उषा महेश रात्रे, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजली देवांगन, उमा चौबे, मनीषा - मनोज चतुर्वेदी , मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी, राकेश जायसवाल, जितेंद्र पटेल, लेखराम साहु, चरण दास चेलक, ऋषभ सिन्हा, रजेलाल पटेल, नारद साहू, सुखराजी निर्मलकर, कृष्णा मानिकपुरी, बंशी महिलांगे, पवन बघेल, प्रकाश जंघेल, आत्मा, संजय मनहरे, नारायण चतुर्वेदी, डोंगरू साहू, रतन खांडेकर, सहित अन्य सामाजिक बंधु एवं बीजेपी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# नवरात्रि पर्व के दौरान शहर में अंधेरे का साम्राज्य कायम

**नगर निगम व विद्युत विभाग गहरी निद्रा में, लोगों का बढ़ रहा आक्रोश**

राजनांदगांव (दावा)। शक्ति आराधना का पर्व आज सोमवार 22 सितंबर से प्रारंभ हो गया है। शहर सहित आसपास के वार्डो रंगीन रौशनियों से जगमग करती दुर्गा पंडाल सजाए जा रहे हैं। लोगों में मातारानी के पूजन-अर्चन का उल्लास बना हुआ है, वहीं दूसरी ओर शहर के अधिकांश चौक -चौराहे और गलियों के स्ट्रीट लाइट बंद पड़े होने से मातम की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि शहर के अधिकांश जगहों में अंधेरे का साम्राज्य कायम है जिससे खतरनाक घटनाओं की आशंका बनी हुई है। एक तो वैसे ही पुलिस की गैर मुस्तैदगी से आए दिन शहर में चाकू बाजी मारपीट, गाली - गलौज व हत्या जैसे घटनाएं हो रही है। लोग अंधेरे का फायदा उठाकर गलत कार्यो को अंजाम दे रहे हैं। शहर के बीच इलाकों में चोरी जेसी घटनाएं हो रही है। इसके बाद भी शहरवासियो के लिए समुचित प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए न तो नगर निगम ध्यान दें रहा है और न विद्युत विभाग का इस ओर ध्यान जा रहा है।

### चौक-चौराहे में अंधेरे का साम्राज्य

बता दें कि शहर का अग्रवाल ट्रांसपोर्ट चौक दुर्घटनाओं के लिए जाना जाता है। यहां पर तेज रफ्तार वाहनों के चक्के तले आ कर कई लोग मौत के मुंह में समा चुके हैं। इसके बावजूद इस खतरनाक चौक में सड़क बत्तियां बंद पड़ी है। इसी तरह जिला चिकित्सालय क्षेत्र बसंतपुर रोड की सड़कें में लाइन से सड़क बत्तियां जल नहीं रही। इससे रात में दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। बल्देव बाग रोड पर सड़क बत्तियां महिनों से बंद? पडी है। शहर के चौक - चौराहों के भी यही हालत है। इधर रोजाना शाम के समय बारिश होने से रात में उमस के चलते जहरीले जीव-जंतु सड़क पर विचरण के लिए निकल पड़ते हैं जिसके विषैले दंश का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि नवरात्र के दिनों में जब हर ओर रौशनियो से जगमग बना हुआ है। मातारानी की पूजा-भक्ति में लोग मरे रहेंगे ऐसे पुनीत मौके पर शहर को अंधेरे में रखना क्या उन्हें शोभा देता है। क्या वे शक्ति आराधना के पर्व के दिनों में लोग दुर्घटना का शिकार हो यह चाहते हैं। यदि नहीं तो उनके आंख तत्काल खुले और शहर के चारों तरफ नजरें घुमा कर देखें कि कहां-कहां सड़कें बत्तियां बंद पड़ी है। नवरात्रि के दिनों मे चौक-चौराहे रौशन है या नहीं। नहीं तो शहर वासियों को नगर निगम व विद्युत विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरते देर नही लगेगी।

# केसर नगर में लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के गरबा का बिखरेगा जलवा

राजनांदगांव (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लायंस क्लब नांदगांव सिटी के भव्य गरबा उत्सव का जोरदार रंग बिखेरने जा रहा है। पिछले साल की तरह इस बार भी उक्त रंगारंग गरबा उत्सव गायत्री विद्यापीठ के केसर नगर स्थित विशाल मैदान में आयोजित किया गया है। आज सोमवार को प्रारंभ होने जा रहे शारदीय नवरात्रि के अवसर पर केसर नगर के विद्यापीठ मैदान में आयोजित इस भव्य गरबा उत्सव के मुख्य अतिथि शहर के महापौर मधुसूदन यादव होंगे।




**आज नवरात्रि के प्रथम दिन गरबा उत्सव के मुख्य अतिथि होंगे महापौर मधुसूदन यादव**

लायंस क्लब के सचिव मयंक शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन शाम को मातारानी की पूजन-अर्चन के साथ शुरू होने वाले इस रंगारंग गरबा उत्सव में विशेष अतिथि के रुप में आज स्थानीय दैनिक सबेरा संकेत के सम्पादक सुशील कोठारी, समाजसेवी सिद्धेश बरडिया व सूर्यकांत चितलांग्या उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि इन दिनों बारिश-पानी के आसार बने हुए हैं। इसे देखते हुए लायंस क्लब द्वारा बारिश की स्थिति बनने पर गायत्री विद्यापीठ स्कूल परिसर में गरबा उत्सव आयोजित की जाएगी वहीं मौसम साफ रहने पर गायत्री विद्यापीठ स्कूल के विशाल मैदान में मनोहारी नृत्य स्टेप के साथ गरबा उत्सव अपनी रंग-बिरंगी छटा बिखेरेंगी।

लायन्स क्लब नांदगांव सिटी के इस भव्य गरबा उत्सव की सफलता के लिए क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल सहित संरक्षक पद्मश्री डॉ पुखराज बाफना ,मनदीप जी ,उमेंद कोठारी, श्रीमती शारदा तिवारी,गरबा संयोजक -बृजकिशोर सुरजन, चेयरमैन- राजा माखीजा, संतोष लोहिया,राज कुमार शर्मा, अशोक पंवार,तरण दीप सिंह अरोरा ,शोभा चौरसिया, टीना खंडेलवाल,शोभा शर्मा,सुरेश शर्मा,नेहा गुप्ता,मुकेश चौबे, चंद्रिका प्रसाद सिन्हा,कंचन चौबे, मुकेश शर्मा , रणदीप सिंह भाटिया आदि जुटे हुए हैं।

# मोदी के दीवाने पहुंचे रक्तदान करने, 75 रक्तवीरों ने रक्तदान किया- अनिल सिन्हा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष




**सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा ग्रामीण मंडल द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन**

डोंगरगढ़(दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जन्म जयंती तक सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार 21 सितंबर को रक्तदान शिवरी का आयोजन भाजपा ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के द्वारा ग्राम सिवनिकला में किया गया, जिसके अंतर्गत आज दूसरा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

आज के इस शिविर में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद अध्यक्ष लता अजय सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष हीरा वर्मा सेवा पखवाड़ा जिला सह सयोजक जैन कुमार मेश्राम महामंत्री रवि यादव/धरमचंद वर्मा, मंडल संयोजक मनीष कुमार सोनी कार्यक्रम संयोजक एवं ग्राम सिवनिकला सरपंच रक्तदान कार्यक्रम के ग्रामीण मंडल के जिला प्रभारी कमलेश प्रजापति सहसयोजक राघवेंद्र वर्मा/ हेमकुमार साहू/ जितेन्द्र गेन्द्रे पूर्व मंडल अध्यक्ष तेजलाल वर्मा, योगेश संचेती, उपाध्यक्ष नामदेव साहू, लखन देशलहरे, मुरारी वर्मा, सतीश वर्मा, रेखराज वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष उपकार साहू, पलटू भगत, पुसउ रजक, खेमराज मुंडे, सचिव जयराम वर्मा सहित सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने अपना भरपूर सहयोग प्रदान किया है, जिसके लिये आप सभी बधाई के पात्र है।

रक्तदान शिविर में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के तत्वाधान में प्राथमिक शाला ग्राम सिवनिकला(मोहारा) में आयोजित शिविर में ऐतिहासिक कार्य करते हुये 75 यूनिट रक्तदान करवाया। मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा ने सभी रक्तदाता को हृदय से धन्यवाद दिया और कहा रक्तदान महादान है हम सबको रक्तदान करना चाहिये, इससे हम जरूरतमंद लोगों की मदद कर पाते है, आज के रक्तदान में 18 से 60 वर्ष के सभी व्यक्तियों ने जिसमें कॉलेज के स्टूडेंट, महिलाएं, पुरुष ग्रामीणजन सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है। रक्तदान में आये सभी रक्तवीरों को हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ में उनके लिए फल, कॉफ़ी, चाय नास्ते की भी व्यवस्था कि गयी। रक्तदान हेतु रायपुर के अपना ब्लड सेंटर के अभय बैद, एवं राजनादगांव से फनेन्द्र जैन एवं उनकी मेडिकल टीम का सहयोग मिला।

# शहीद वीर अहीरों का अपमान नहीं सहेगा यादव समाज - हरीश यादव



**120 वीर बहादुर फिल्म के विरोध में राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

राजनांदगांव (दावा)। सर्व यादव समाज ने फिल्म निर्माता-निर्देशक फरहान अख्तर द्वारा बनाई गई फिल्म 120 वीर बहादुर का विरोध करते हुए आज राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। यादव समाज का आरोप है कि फिल्म में 1962 के रेजंगला युद्ध में शहीद हुए वीर अहीरों के शौर्य और बलिदान को नजरअंदाज किया गया है।

ज्ञात हो कि वर्ष 1962 में भारत-चीन युद्ध के दौरान लड़े गए रेज़ंगला युद्ध में कुंमाऊँ रेजीमेंट के 120 जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की थी। इन 120 में से 117 जवान अहीर समुदाय से थे। सर्व यादव समाज का कहना है कि फिल्म के नाम और प्रचार सामग्री में इस ऐतिहासिक सच्चाई को नजरअंदाज कर वीर शहीदों का अपमान किया गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश यादव ने कहा कि ११जब युद्ध में 117 अहीर शहीद हुए थे तो फिल्म का नाम 120 वीर बहादुर क्यों रखा गया? फिल्म का नाम 120 वीर अहीर बहादुर होना चाहिए, ताकि शहीदों को उनका सही सम्मान मिल सके। इतिहास को छुपाना और तोड़-मरोड़ कर पेश करना न केवल अपमान है, बल्कि अहीर समाज की भावनाओं के साथ खिलवाड़ भी है। यादव समाज ने मांग की है कि फिल्म के नाम में संशोधन कर वीर अहीरों को उचित सम्मान दिया जाए और साथ ही अहीर रेजिमेंट की स्थापना की जाए।

समाज का कहना है कि यदि फिल्म में बदलाव नहीं किया गया और उसे सिनेमा घरों में प्रदर्शित किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

जिला प्रचार-प्रसार प्रभारी दुर्गा प्रसाद यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में ज्ञापन सौंपे जाएंगे और अन्य राज्यों में भी समाज के पदाधिकारियों द्वारा विरोध दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शासन-प्रशासन ने इस मामले में समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की तो व्यापक प्रदर्शन और उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महेश यादव, अमन यादव, लव यादव, दिग्विजय यादव, भैरव यादव, विक्रांत यादव, अखिलेश यादव, प्रशांत यादव, रजिव यादव, चंद्रेश यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के सदस्य उपस्थित थे।

# छग विद्युत संविदा कर्मचारी संघ ने नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ स्टेट पवार कंपनी पंजीयन क्रमांक 722 ने क्षेत्रीय कार्यालय कार्यपालक निदेशक राजनांदगांव को नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रथम चरण में 19 सितंबर 2025 को ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण में 01 अक्टूबर 2025 को एक दिन की सामूहिक अवकाश 02 अक्टूबर 2025 गांधी जयंती में अतिरिक्त ड्यूटी का बहिष्कार। तीसरे चरण में 09 अक्टूबर 2025 विद्युत सेवा भवन रायपुर में आमसभा व गेट मीटिंग। चतुर्थ चरण 18 अक्टूबर 2025 से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल।

# आस्था में नशे के लिए जगह नहीं-विवेक मोनू भंडारी



**धर्मनगरी में प्रतिबंध के बावजूद खुलेआम बिक रही है शराब, नशा के आदि लोगों के स्वास्थ्य के लिए चिंतित है आमजन**

डोंगरगढ़(दावा)। नवरात्र का पावन पर्व जिले और ग्रामीण अंचलों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। माँ दुर्गा की भक्ति और गरबा महोत्सव में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होकर आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम प्रस्तुत करते है। इसी बीच गरबा महोत्सव को समाज में जागरूकता और सकारात्मक बदलाव का जरिया बनाने की पहल भी सामने आई है। भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता विवेक मोनू भंडारी ने गरबा आयोजनों के बीच नशामुक्त समाज का सशक्त संदेश देते हुए कहा है कि, भक्ति और नशा कभी साथ नहीं चल सकते।

नवरात्र जैसे पवित्र पर्व से हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि आने वाली पीढ़ी को नशे के अंधकार से बचाकर स्वस्थ और सशक्त समाज का निर्माण करें। श्री भंडारी ने कहा कि नवरात्र के दिनों होने वाले गरबा उत्सव में सबसे अधिक भागीदारी युवाओं की होती है। ऐसे में यह मंच नशामुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का सबसे सशक्त अवसर है। उन्होंने आयोजकों से आग्रह किया कि प्रतिदिन मंच से श्रद्धालुओं और युवाओं को नशामुक्त समाज की शपथ दिलाई जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नशा केवल किसी व्यक्ति का स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और भविष्य ही नहीं बिगाड़ता, बल्कि पूरे परिवार और समाज को बर्बादी की ओर धकेल देता है। 'जब कोई युवा नशे के जाल में फँसता है, तो उसकी मेहनत, सपने और संभावनाएँ खत्म हो जाती हैं। माता-पिता और परिजनों का जीवन भी दुख और पीड़ा से भर जाता है।

श्री भंडारी ने विश्वास जताया कि यदि हर आयोजन समिति और हर नागरिक इस पर्व से नशामुक्त समाज की मुहिम को आगे बढ़ाए, तो राजनांदगांव जिला ही नहीं बल्कि पूरा प्रदेश इस अभियान से जुड़ सकता है। गरबा महोत्सव केवल भक्ति और आनंद का पर्व न रहकर भक्ति व सामाजिक चेतना का संगम बन सकता है। जहाँ माँ दुर्गा की आराधना हो, वहाँ नशे जैसी बुराई की कोई जगह नहीं। यदि नवरात्र से नशामुक्त समाज की अलख जगाई जाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ इसका लाभ पाएँगी।

# अपने घर की छत पर बनेगा अपना बिजली घर



**प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद**

खैरागढ़ (दावा)। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जिले में लोगों को खूब आकर्षित कर रही है। योजना की जानकारी गांव-गांव और शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसका नतीजा है, कि अब तक जिले के 450 से अधिक उपभोक्ता आवेदन कर चुके हैं।। सीएसपीडीसीएल के चेयरमैन डॉ. रोहित यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया है, कि अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जोड़ा जाए, ताकि हर घर को ऊर्जा आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

### उपभोक्ताओं को मिल रहा लाभ

खैरागढ़ निवासी शिवादित्य सिंह ने अपने मकान की छत पर 5 किलोवाट का सोलर रूफटॉप प्लांट लगाया है। उन्होंने बताया कि उनके घर के मासिक बिजली बिल में लगभग 60 प्रतिशत की कमी आई है और उन्हें करीब 5 हजार रुपए की मासिक बचत हो रही है। इसी तरह जालबांधा, पाण्डदाह और अन्य क्षेत्रों के कई उपभोक्ताओं ने सोलर प्लांट लगाकर आर्थिक लाभ प्राप्त किया है।

### आकर्षक सब्सिडी और आसान भुगतान

इस योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अधिकतम 1.08 लाख रुपए तक की सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही उपभोक्ता केवल 10 प्रतिशत राशि अग्रिम देकर शेष भुगतान 6 प्रतिशत ब्याज दर पर 10 वर्षों तक की आसान किस्तों में कर सकते हैं। अतिरिक्त बिजली उत्पादन से उपभोक्ता अपनी आय भी बढ़ा सकते हैं।

### हर गांव-शहर तक अभियान

योजना का प्रचार-प्रसार खैरागढ़ शहर के साथ-साथ मुढ़ीपार, पाण्डादाह, जालबांधा, छुईखदान, अतरिया, मंडला और गंडई-साल्हेवारा जैसे वनांचल क्षेत्रों तक पहुंचाया जा रहा है। ग्रामीण अंचलों में शिविरों और जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है और पोर्टल 222.श्चद्वह्यह्वह्म4द्दद्धह्म्. द्द श्1.द्बठ्ठ पर त्वरित पंजीयन भी कराया जा रहा है।

### हरित ऊर्जा की ओर बढ़ता जिला

अधिकारियों का कहना है कि यह योजना न केवल मुफ्त और स्वच्छ ऊर्जा का माध्यम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने की दिशा में भी एक बड़ा कदम है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र लाभान्वित होंगे और जिला हरित ऊर्जा की ओर मजबूती से आगे बढ़ेगा।

# शराब पीकर स्कूल पहुंचने वाली महिला प्रधानपाठक सस्पेंड

जांजगीर-चाम्पा। बलौदा क्षेत्र के लेवई गांव में शराब पीकर स्कूल पहुंचने वाली महिला प्रधानपाठक को DEO ने सस्पेंड कर दिया है। महिला प्रधानपाठक का नाम हीरा पोर्ते है। स्कूल में ऐसी बदहाली को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई है और कलेक्टर के निर्देश पर बलौदा क्क्श्वह्र और क्क्रूष्ट को नोटिस जारी किया है। शराब के नशे में महिला प्रधानपाठक की स्कूल के टेबल में पैर रखकर बैठे तस्वीर भी वायरल हुई थी। दरअसल, शिक्षिका द्वारा शराब पीकर स्कूल पहुंचने की जानकारी मिलने के बाद कलेक्टर के निर्देश पर स्ष्ठरू और ष्ठश्वह्र, स्कूल पहुंचे थे। यहां अभिभावकों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं से जानकारी ली गई, तब महिला प्रधानपाठक द्वारा शराब के नशे में स्कूल आने की बात सामने आई। इस तरह डीईओ ने महिला प्रधानपाठक हीरा पोर्ते को निलंबित कर दिया है। आपको बता दें कि लेवई गाँव के इस प्राइमरी स्कूल में कुल दो शिक्षक कार्यरत हैं।

# सुराना कॉलेज में 100 यूनिट रक्तदान सम्पन्न



दुर्ग (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर जिला शिक्षण समिति दुर्ग एवं नवदृष्टि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आज दिनांक 20 सितंबर 25 को सेठ आर.सी.एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के एनएसएस इकाई, रेडक्रॉस इकाई, एलुमनी समिति के सदस्यों, एनसीसी इकाई एवं रेड रिबन इकाई ने अपनी भागीदारी प्रदान की। जिसमें कुल 100 यूनिट रक्तदान किया गया। पहली बार रक्तदान कर रहे छात्रों में उत्साह देखा गया, लगभग 30 छात्रों ने पहली बार रक्तदान किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय में दुर्ग नगर निगम के सभापति श्रीश्याम शर्मा, डॉ.जे.पी.मेश्राम ब्लड बैंक नोडल अधिकारी एवं दुर्ग जिला चिकित्सालय के पूर्व सीएमएचओ रक्तदान शिविर में पहुंचे एवं रक्तदानियों को सम्मानित किया एवं भविष्य में रक्तदान हेतु प्रेरित किया जिला शिक्षण समिति दुर्ग के अध्यक्ष प्रवीणचंद तिवारी, सचिव दिलीप इंगले, शासी निकाय के अध्यक्ष मनोज शर्मा, सदस्य वीरेन्द्र शुक्ला, अनिल सुराना, विनोद जैन, कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया इसके साथ ही सेठ आरसी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पूजा मल्होत्रा सेठ आरसीएस विधि महाविद्यालय के प्राचार्य अखिलेश अग्रवाल, सेठ बद्रीलाल खंडेलवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.उमाकांति सिंह, दाऊ ररु प्रसाद नेशनल स्कूल के प्राचार्य सुरेन्द्र राजपूत उपस्थित रहे एवं रक्तदानियों का उत्साह बढ़ाया।

महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने रक्तदान में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। जिला शिक्षण समिति दुर्ग द्वारा संचालित महाविद्यालय एवं विद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित थे, उन्होंने रक्तदान में अपना योगदान दिया। रक्तदान शिविर के संयोजक राकेश दिवाकर एवं योगेश देशमुख थे। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य पूरा समय उपस्थित रहे व शिविर में तकनिकी सहयोग किया सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.पूजा मल्होत्रा ने सभी रक्तदानियों को शुभकामनाएं दीं व रक्तदान शिविर को सफल बनाने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# विश्वकर्मा जयंती पर सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा विश्वकर्मा जयंती के शुभ अवसर पर एक दिवसीय सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रचना पांडेय ने इस अवसर पर कहा भगवान विश्वकर्मा न केवल निर्माण के देवता हैं, बल्कि नवाचार, रचनात्मकता और तकनीकी कौशल के प्रतीक भी हैं। हमें अपने छात्रों में इन्हीं गुणों को विकसित करने की आवश्यकता है, ताकि वे भविष्य के निर्माणकर्ता बन सकें।

कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष अनिल ताम्रकार ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि तकनीक और श्रद्धा का मेल ही सच्चे विकास का आधार है।

छात्रों को चाहिए कि वे विश्वकर्मा जी की भांति सृजनशील बनें और तकनीक को समाज के कल्याण हेतु उपयोग करें। विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम ने छात्रों में तकनीकी चेतना के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के प्रति आस्था को भी प्रबल किया। यह आयोजन तकनीकी सृजनशीलता, सांस्कृतिक परंपराओं और आध्यात्मिक श्रद्धा का अनुपम संगम रहा।

# कलेक्टर ने किया चंदैनी उचित मूल्य दुकान का आकस्मिक निरीक्षण



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने विकासखंड खैरागढ़ अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान चंदैनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद राशन कार्ड धारकों से बातचीत कर सितंबर माह में खाद्यान्न वितरण की स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने विक्रेता से जून से अगस्त तक तीन माह का एक साथ खाद्यान्न वितरण किए जाने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। साथ ही लाभार्थियों से सीधे पूछताछ कर वितरण व्यवस्था की वास्तविकता जानी। निरीक्षण के क्रम में कलेक्टर ने दुकान के स्टॉक रजिस्टर और गोदाम में उपलब्ध खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया।

उन्होंने ए-पॉस मशीन से हितग्राहियों को किए जा रहे वितरण की स्थिति का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने पारदर्शिता बनाए रखने, हितग्राहियों को निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध कराने तथा पात्र किसी भी हितग्राही को वंचित न करने के सख्त निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग के कार्यो की समीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा की। कलेक्टर ने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन की स्थिति, आगामी धान खरीदी की तैयारी, बारदाने की व्यवस्था एवं धान परिवहन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन का कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत रबी फसल अंतर्गत टमाटर, प्याज, गेंदा की फसल को बढ़ावा देने के लिए किसानों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने केला व पपीता की फसल, कृषि समृद्धि योजना, राज्य पोषित समेकित योजना के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि उद्यानिकी फसलों गेंदा एवं अन्य फूलों की खेती के लिए संभावित लखपति दीदी का चिन्हांकन करें और उन्हें प्रोत्साहित करें।

## शेष प्रथम का

**0 30 सितं. तक एसआईआर लागू करने के लिए...**

पूरा कर लिया है। आयोग ने कहा कि बिहार के बाद पूरे देश में एसआईआर लागू किया जाएगा। असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। इस गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य विदेशी अवैध प्रवासियों के जन्म स्थान की जांच कर उन्हें बाहर निकालना है। विभिन्न राज्यों में बांग्लादेश और म्यांमा सहित अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर यह कदम महत्वपूर्ण है।

**0 मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आत्मीय और वात्सल्यपूर्ण व्यवहार....**

एलकेजी में पढ़ रही भूमिका की निश्छल मुस्कान, पारंपरिक परिधान और मासूम नज़रों की चमक में बस्तर की संस्कृति और उसकी खुशियाँ झलक रही थी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि समाज ने पिछले वर्ष ही अपने बच्चों के लिए कक्षा 12वीं तक की शिक्षा अनिवार्य करने का सराहनीय निर्णय लिया। यही शिक्षा और संस्कार हमारी आने वाली पीढ़ी का भविष्य संवारेंगे। उन्होंने कहा कि मैं यही कामना करता हूँ कि भूमिका और छत्तीसगढ़ की हर बेटी खूब पढ़े, आगे बढ़े, उड़ान भरे और अपनी संस्कृति से यूँ ही जुड़ी रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिस आत्मीयता और वात्सल्य से नन्हीं भूमिका बघेल से स्नेहपूर्ण वार्तालाप किया, उसने पूरे समारोह का वातावरण स्नेह और आत्मीयता से परिपूर्ण कर दिया। मुख्यमंत्री श्री साय का आत्मीय व्यवहार जनजातीय समाज के साथ उनके गहरे जुड़ाव और बच्चों के प्रति स्नेहपूर्ण हृदय का प्रमाण है। उनकी यह सरलता और अपनापन न केवल लोगों को विश्वास से भरता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि सरकार का नेतृत्व समाज के हर वर्ग और हर बच्चे के सुख-दुख में सहभागी है।

**0 '100 चूहे खाकर बिल्ली हज को चली'...**

(न्याय पत्र) में भी शामिल किया था। रमेश ने बताया कि मौजू जीएसटी प्रणाली में कई समस्याएं हैं, जैसे कि टैक्स की जटिल दरें, आम जनता की चीजों पर ज्यादा टैक्स, कारोबारियों पर भारी अनुपालन बोझ और उल्टा शुल्क ढांचा शामिल है।

इसके साथ ही जयराम रमेश ने पूछा कि आठ साल की देरी से लाए गए ये सुधार क्या सच में निजी निवेश और जीडीपी वृद्धि को बढ़ाएंगे? उन्होंने ये भी जोड़ा कि चीन के साथ व्यापार घाटा ?100 अरब डॉलर से ज्यादा हो गया है, और भारतीय व्यापारी डर और मनमानी के चलते विदेश जा रहे हैं।

इसके साथ ही कांग्रेस का कहना है कि लघु व मध्यम उद्योग की समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। राज्यों को मिलने वाले जीएसटी मुआवजे को पांच साल बढ़ाने की मांग अब भी अनसुनी है, जो संघीय ढांचे की भावना के खिलाफ है। रमेश ने कहा कि पर्यटन, कपड़ा, कृषि, निर्यात और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों की समस्याएं भी बाकी हैं। इसके अलावा, बिजली, पेट्रोलियम, शराब और रियल एस्टेट को भी राज्य स्तर के जीएसटी में लाने का सुझाव दिया गया है। बता दें कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर से जीएसटी बचत उत्सव शुरू होगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी और यह आसान कारोबार और निवेश आकर्षण को बढ़ावा देगा। उन्होंने इसे इनकम टैक्स छूट के साथ डबल बोनस बताया।

**0 भारत के राज्यों पर कर्ज का बम... वेतन....**

राज्यों के लिए वित्त वर्ष 2013-14 में वेतन, पेंशन और ब्याज भुगतान पर प्रतिबद्ध व्यय 6,26,849 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 15,63,649 करोड़ रुपये हो गया। सब्सिडी पर व्यय जो 2013-14 में सभी राज्यों का मिलाकर 96,479 करोड़ रुपये था, 2022-23 में बढ़कर 3,09,625 करोड़ रुपये हो गया।

2013-14 से 2022-23 की अवधि में, राजस्व व्यय में 2.66 गुना वृद्धि हुई, प्रतिबद्ध व्यय में 2.49 गुना वृद्धि हुई और सब्सिडी में 3.21 गुना वृद्धि हुई। प्रतिबद्ध व्यय में वेतन सबसे बड़ा घटक था, उसके बाद पेंशन व्यय और ब्याज भुगतान का स्थान था। 2022-23 में 19 राज्यों के लिए यही स्थिति थी, लेकिन नौ राज्यों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल) में ब्याज भुगतान पेंशन व्यय से अधिक था।

# जल प्रदूषण रोकने का संदेश देने मां दुर्गा की दुनिया की सबसे छोटी मूर्ति



भिलाई (दावा)। जलप्रदूषण रोकने के लिए विशालतम् नहीं बल्कि छोटी प्रतिमाएं बनानी चाहिए तथा उसका विसर्जन नदी, नाले, पोखर और तालाबों की जगह कुंड बनाकर करना चाहिए। आम जनता में यह संदेश देने के लिए सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डॉ. अंकुश देवांगन ने दुनिया की सबसे छोटी मां दुर्गा के प्रतिमा की ही रचना कर डाली है। मात्र एक चने के दाने जितनी छोटी इस मूर्ति को फोटो में एक महिला श्रद्धालु अपने उंगली पर रखकर निहार रही है। कलाकार ने कहा है कि मानवीय सभ्यता के कारण धरती इतनी तेजी से प्रदूषित हो रही है कि आने वाले 20-30 वर्षों में यह रहने लायक भी नहीं बचेगी। जिसके लिए सरकार को कोसने की जगह हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए ताकि आने वाली पी?ी को हम स्वस्थ धरती दे सकें। और जिसके लिए उन्हें अपने पूर्वजों पर गर्व हो सके। बहरहाल अंकुश द्वारा संगमरमर पत्थर को तराशकर बनाए गए इस कलाकृति की विशेषता है कि सूक्ष्मता के बावजूद इसमें माता की भावभंगिमा, आशीष देता हुआ हाथ, समस्त अस्त्र-शस्त्र और दहाड़ता हुआ शेर स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।


## ज्योतिष चमत्कार ( 22 सितंबर 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 91 | 04 | 12 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 92 | 03 | 13 | 25 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 02 | 14 | 24 | 31 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 15 | 23 | 32 | 45 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 21 | 34 | 43 | 51 |
| शनि | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 35 | 41 | 52 | 65 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 56 | 60 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 46 | 57 | 69 | 76 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 68 | 78 | 89 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 67 | 79 | 87 | 96 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 97 | 09 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 3 | 4 | 5 |
| स्पेशल | 18 | 37 | 46 | 52 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 5 | 6 | 7 |
| स्पेशल | 30 | 59 | 68 | 74 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 68 | 73 | 20 | 05 | 40 | 38 |
| 25 | 75 | 61 | 43 | 17 | 24 |
| 14 | 63 | 87 | 01 | 51 | 58 |
| 99 | 42 | 44 | 16 | 56 | 38 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 89 | 50 | 12 | 74 | 91 |
| 65 | 20 | 69 | 20 | 65 |
| 26 | 59 | 02 | 25 | 07 |
| 51 | 47 | 76 | 98 | 20 |

**जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-52-50-86-92-90
1-146-245-227-777 2-246-228-499-688-444-
3-166- 4-680-266-338-400-888 5-230-249-113-122
-177-366-799-889-555 6-330-448-466-600-222
7-124-368-188-557- 700-999 8-134-567-440-477-
666 9-450-117-144-199-559-577-333
0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- -88
2025- -24-33-30-42-49-56-61-66-67-75- 78-88-80-95
-99-90-01-05
1-146-290-119-777, 2-589-660-688- 778-444,
3-157-256-166-300-599-779-111
4-112-220-338-699-888, 5-366-447-500-555
6-556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-126-135-289-117-199-
388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

Shloka
GREENS

सच होता हर अध्याय

नवरात्रि में करें नए सपनों की शुरुआत




RERA APPROVED

Actual site image

इस नवरात्रि रजिस्ट्री खर्च में
50% की छूट

25+ प्रीमियम सुविधाएँ

- टेम्पल + ऐम्फ़िथिएटर
- किड्स एंड टॉडलर्स प्ले एरिया
- क्लब हाउस
- इवेंट लॉन
- स्विमिंग पूल
- मल्टीपल लैंडस्केप्ड गार्डेंस

प्रीमियम रेसिडेंशियल प्लॉट्स

स्कैन करें

आज ही बुक करें

PIONEER HOMES

संजीवनी हॉस्पिटल के पास, चिखली,
खैरागढ़ रोड, राजनांदगांव (छ. ग.)

RERA No. PCGRERA250724001800
https://rera.cgstate.gov.in/

83-9996-9991
83-9996-9992

SANGYAA PR

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com